INS ACCREDITED
यूंनिकॉम एडवरटाइजिंग
Email: info@unicomadvertising.com
www.unicomadvertising.com

प्रेरणास्रोत पूज्यनीय राजनलाल गौतम जी

# यूनिक समय

डीएवीपी (केन्द्र सरकार) द्वारा मान्यता प्राप्त– 134220
डाक पंजीकृत संख्या मथुरा 071/2026—28

Sweety BY MR GROUP Presents
Unique Samay Update
www.uniquesamay.com

वर्ष-4 | अंक-212 | सांध्य दैनिक | मथुरा, शनिवार, 26 सितंबर 2026 | पेज-12 | 5 रुपया | www.facebook.com/uniquesamay | X.com/Theuniquesamay | www.linkedin.com/in/uniquesamay

# लक्षण बताए, चैटबॉट से दवा पूछी और शुरू कर दिया इलाज

## एआई से पूछकर दवा लेना बढ़ा रहा स्वास्थ्य का जोखिम

## विशेषज्ञ बोले– सही बीमारी जानने के लिए चिकित्सकीय जांच जरूरी



**यूनिक समय, मथुरा।** बुखार, सिरदर्द, पेट दर्द और कमजोरी जैसे सामान्य लक्षण अब कुछ लोगों को डॉक्टर के बजाय एआई चैटबॉट तक ले जा रहे हैं। लोग मोबाइल पर अपने लक्षण लिखकर बीमारी और दवा के बारे में जानकारी लेते हैं और कई बार बिना चिकित्सकीय परामर्श के दवा शुरू कर देते हैं। विशेषज्ञों ने इस तरीके को स्वास्थ्य के लिए जोखिम भरा बताया है।

फिजीशियन डा. आरएन गर्ग ने बताया कि इंटरनेट या एआई से स्वास्थ्य संबंधी सामान्य जानकारी मिल सकती है, लेकिन इसे बीमारी के निदान और उपचार का विकल्प नहीं माना जा सकता। एक जैसे लक्षण कई अलग–अलग बीमारियों में दिखाई दे सकते हैं। ऐसे में बीमारी का वास्तविक कारण जानने के लिए चिकित्सकीय जांच आवश्यक है।

उन्होंने बताया कि एआई बुखार या सिरदर्द जैसे लक्षणों के आधार पर संभावित कारणों और दवाओं की सामान्य जानकारी दे सकता है, लेकिन मरीज की वास्तविक स्थिति का आकलन नहीं कर सकता। दवा की मात्रा, कितने दिन लेनी है और दूसरी दवाओं के साथ उसका असर मरीज की उम्र, बीमारी और स्वास्थ्य स्थिति के अनुसार बदल सकता है।

### गूगल पर बीमारी खोजी, मेडिकल स्टोर से दवा ली

लक्षण दिखाई देने पर कुछ लोग इंटरनेट पर बीमारी खोजकर सीधे मेडिकल स्टोर पहुंच जाते हैं। वहीं कुछ लोग पुराने पर्चे की दवा दोबारा लेना शुरू कर देते हैं। दवा की गलत खुराक, अवधि या दूसरी दवाओं के साथ उसके इस्तेमाल की जानकारी न होने से परेशानी बढ़ सकती है। जिला चिकित्सालय के सीएमएस डा. नीरज अग्रवाल का कहना है कि मरीजों को अपनी मर्जी से दवा लेने से बचना चाहिए। मेडिकल स्टोर संचालक दवाओं की जानकारी रखते हैं, लेकिन गंभीर बीमारी का इलाज अपने स्तर पर करना उचित नहीं है।

### जिले में करीब 1800 मेडिकल स्टोर

जिले में थोक और फुटकर मिलाकर करीब 18 सौ दवा दुकानें संचालित हैं। इनमें फुटकर दुकानों पर फार्मासिस्ट उपलब्ध रहते हैं। डा. राकेश अग्रवाल का कहना है कि लगातार बने रहने वाले, बढ़ते या गंभीर लक्षणों में एआई और इंटरनेट की जानकारी पर निर्भर रहने के बजाय डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए। वहीं, जानकारों का दावा है कि काफी मेडिकल स्टोर तो फार्मास्टिट के नाम के सहारे चल रहे हैं, दवा देने का काम दूसरे लोग करते हैं।

# चौथी मंजिल से गिरा प्रेमानंद का शिष्य,मौत पर उठे सवाल

## कमरे में खून से सना ग्राइंडर मिलने से जांच तेज

## परिवार ने लगाए गंभीर आरोप, मोबाइल की भी जांच शुरू

**यूनिक समय, वृंदावन।** संत प्रेमानंद के युवा शिष्य दीपक कुमार उर्फ रसिक दुलारी शरण की गुरुकृपा कुंज भवन की चौथी मंजिल से गिरने के मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद कमरे में खून से सना ग्राइंडर मिलने की बात सामने आई है। परिजनों ने मामले में गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मौत की परिस्थितियां स्पष्ट हो सकेंगी।



मृतक रसिक दुलारी का फाइल फोटो।

मूलरूप से नर्मदा बस्ती जबलपुर, मध्य प्रदेश निवासी 25 वर्षीय दीपक करीब दो वर्ष पहले वृंदावन आए थे। परिजनों के अनुसार, उन्होंने संत प्रेमानंद से दीक्षा ली थी और इसके बाद आश्रम में सेवा-पूजा कर रहे थे। बताया गया कि दीपक को करीब तीन माह पहले गुरुकृपा कुंज की चौथी मंजिल पर रहने के लिए कमरा दिया गया था। वह स्नातक थे और बिजली का काम भी करते थे।

बताया गया कि घटना के दौरान दीपक चौथी मंजिल से नीचे गिर गए। उनके शरीर पर गंभीर चोटें थीं। काफी देर तक जमीन पर पड़े रहने के बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के दौरान परिवार के लोग मौजूद रहे। एसपी सिटी राजीव कुमार ने बताया कि परिवार की ओर से शिकायत दी गई है। परिवार ने दीपक से मुलाकात नहीं कराने संबंधी आरोप लगाए हैं। शिकायत और घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट, फॉरेंसिक जांच और मोबाइल की जांच से घटना की वास्तविक परिस्थितियों का पता लगाने में मदद मिलेगी।



पोस्टमार्टम ग्रह पर विलाप करती रसिक दुलारी की मां और बहन।

### परिवार ने मुलाकात नहीं कराने का लगाया आरोप

दीपक की मां और बहन पोस्टमार्टम गृह पर रोती नजर आईं। मां लोगों बाई ने बताया कि करीब दो वर्ष से बेटे से उनकी बातचीत नहीं हुई थी। बेटे के गिरने की सूचना मिलने पर परिवार रात में वृंदावन पहुंचा। उनका आरोप है कि पहले भी बेटे से मिलने के लिए आए थे, लेकिन मुलाकात नहीं कराई गई। दीपक के जीजा सोनू पटेल ने बताया कि परिवार को आश्रम से फोन कर दीपक के छत से गिरने की सूचना दी गई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि परिवार को अस्पताल जाने के बजाय आश्रम आने के लिए कहा गया और कई घंटे इंतजार कराने के बाद भी दीपक से मुलाकात नहीं कराई गई।

### कमरे से संदिग्ध सामान मिलने की चर्चा

पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने कमरे की जांच की। इस दौरान ग्राइंडर समेत कुछ सामान मिलने की बात सामने आई है। पुलिस घटना से पहले की गतिविधियों की भी जानकारी जुटा रही है। सीओ वृंदावन संदीप सिंह के अनुसार, दीपक के मोबाइल की जांच कराई जा रही है। घटना से पहले उनके मोबाइल से आखिरी कॉल किसे की गई थी, इसकी भी जानकारी जुटाई जा रही है।

### आश्रम जाने से पहले हरिव्यास आश्रम में की थी सेवा

हरिव्यास कुंज से जुड़े एक साधुवेषधारी ने बताया कि दीपक प्रेमानंद के आश्रम में जाने से पहले करीब दो माह तक वहां सेवा करते थे। उनके अनुसार दीपक व्यवहार में अच्छे थे। बाद में उन्होंने प्रेमानंद से दीक्षा लेने के लिए आश्रम का रुख किया।



रसिक दुलारी के बारे में जानकारी देता साधु।

# बांके बिहारी मंदिर में श्रद्धालु की तबीयत बिगड़ी

## एंबुलेंस में नहीं मिला ड्राइवर, ई-रिक्शा से पहुंचाया अस्पताल

**यूनिक समय, वृंदावन।** बांके बिहारी मंदिर में शनिवार को दर्शन करने आए बिहार के 55 वर्षीय श्रद्धालु की अचानक तबीयत बिगड़ गई। सीने में दर्द की शिकायत के बाद परिजन और मंदिर कर्मी उन्हें इलाज के लिए मंदिर के पास खड़ी एंबुलेंस तक लेकर पहुंचे, लेकिन वहां ड्राइवर मौजूद नहीं मिला। काफी देर इंतजार के बाद भी ड्राइवर के नहीं पहुंचने पर परिजनों ने नाराजगी जताई।

परिजनों के मुताबिक, एंबुलेंस पर दिए गए फोन नंबर पर संपर्क करने पर ड्राइवर ने करीब दो घंटे बाद आने की बात कही। इस दौरान श्रद्धालु की हालत बिगड़ती गई। इससे नाराज परिजनों ने मौके पर हंगामा किया। घटना का वीडियो भी इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहा है। बताया गया कि बिहार के सिवान जिले के रहने वाले दिनेश महतो परिवार के साथ वृंदावन आए थे। बांके बिहारी मंदिर में दर्शन करने के बाद बाहर निकलते समय अचानक उनके सीने में दर्द होने लगा। परिजनों ने सुरक्षा कर्मियों को सूचना दी, जिसके बाद उन्हें एंबुलेंस तक पहुंचाया गया। ड्राइवर के नहीं मिलने पर परिजन उन्हें ई-रिक्शा से रामकृष्ण मिशन अस्पताल ले गए। अस्पताल की इमरजेंसी यूनिट में उनका प्राथमिक उपचार किया गया। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, मरीज को भर्ती कर इलाज कराने की सलाह दी गई थी, लेकिन परिजन उन्हें अपने साथ लेकर दूसरे अस्पताल के लिए रवाना हो गए।




बिना चालक खड़ी एंबुलेंस।

## धर्म परिर्वतन में सहयोग करने वाला गिरफ्तार

**यूनिक समय, मथुरा।** गोवर्धन पुलिस ने धर्मानांतरण के उद्देश्य से युवती को भाग ले जाने वाले अभियुक्त का सहयोग करने के मामले में एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। पुलिस ने मुखराई निवासी मुस्ताक खान उर्फ गोली द्वारा युवती को बहला-फुसला कर धर्म परिर्वतन के उद्देश्य से भगा ले जाने के मामले में युवती के पिता द्वारा दी गई तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया। इसके बाद पुलिस को विवेचना के दौरान अभियुक्त मुखरई निवासी जफरू उर्फ जलवा का नाम प्रकाश में आया था। पुलिस ने उसे जमुनामता चौराहे से सौंख की ओर जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को उसके पास से पेन कार्ड उसकी फोटो कॉपी, डायरी और कपड़े बरामद हुए हैं।

# रविवार को सभी बैंक की शाखाएं खुलेंगी,नकदी जमा होगी और निकाल सकेंगे

**यूनिक समय, मथुरा।** सोमवार से बैंककर्मी तीन दिवसीय हड़ताल पर रहेंगे, ऐसे में ग्राहकों को सुविधा देने के लिए रविवार को बैंक खुले रहेंगे। इस दौरान सीमित कामकाज ही होगा, पासबुक एंट्री जैसी सामान्य काउंटर सेवाएं मुहैया होंगी, लेकिन चेक क्लीयरिंग सहित आंतरिक प्रशासनिक कार्य बंद रहेंगे। रविवार को बैंक खुलने से ग्राहकों को बड़ी राहत, नकदी संकट से बचाव होगा।

वहीं, शनिवार को सभी बैंक शाखाएं खुली रहीं, लेकिन कोई काम नहीं किया गया। वहीं रविवार को सामान्य काउंटर सेवाएं भी चालू रहेंगी, लेकिन चेक क्लीयरिंग का काम नहीं होगा।

वहीं, हड़ताल से जुड़े लोगों ने रविवार को बैंकों में काम-काज होने पर संशय जताया है। अब सोमवार से बुधवार तक कर्मचारियों की हड़ताल की वजह से बैंक बंद रहेंगे।

वहीं, बैंकों की ओर से रविवार को शाखाएं खुलने के संदेश ग्राहकों को एसएमएस के जरिये भेजे गए, जिसमें शाखाएं खुलने का दावा किया जाता रहा। हर बैंक की ओर से भेजे गए ऐसे संदेश ग्राहकों को मिलते रहे, जिसमें हड़ताल से होने वाली असुविधा के लिए खेद जताया गया। वहीं, शनिवार को बैंक तो खुले, लेकिन कोई काम-काज नहीं होने की जानकारी बताई गई।

वहीं, राज्य स्तरीय बैंकर्स कमेटी उत्तर प्रदेश की ओर से रविवार को बैंक संचालन पर औपचारिक सहमति जताई गई। इसके बाद जनपद की सभी बैंक शाखाओं को रविवार को खोले जाने का निर्देश जारी किया। हालांकि रविवार को बैंक शाखाओं में सीमित कामकाज ही होगा।

पासबुक एंट्री जैसी सामान्य काउंटर सेवाएं उपभोक्ताओं के लिए मुहैया होंगी। चेक क्लीयरिंग सहित आंतरिक प्रशासनिक कार्य नहीं होंगे।

## अंदर के पेजों की प्रमुख खबरें



यूपी में बारिश का कहर, 117 मकान ढहे, 15 की मौत
पेज-10 पर



सीईसी पर घमासान पीएम बनाने के तंज से चढ़ा सियासी पारा
पेज-11 पर



शयन आरती में भावुक हुए भक्त छलक उठे नयन
पेज-12 पर

# स्वयं सहायता समूह की महिलाएं अब सीखेंगी पढ़ना-लिखना

### एनआरएलएम ब्लॉक स्तर पर चलाएगा महिला साक्षरता अभियान

### समूह की पढ़ी-लिखी महिलाएं बनेंगी दूसरी महिलाओं की प्रशिक्षक

**यूनिक समय, मथुरा।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी निरक्षर महिलाओं को साक्षर बनाने की मुहिम शुरू करने जा रहा है। अभियान के तहत समूह से जुड़ी ऐसी महिलाओं को पढ़ना-लिखना सिखाया जाएगा, जो अब तक शिक्षा से वंचित हैं। विभाग का मानना है कि साक्षरता से महिलाएं समूह की गतिविधियों को समझने के साथ बैंकिंग और सरकारी योजनाओं का भी बेहतर लाभ उठा सकेंगी।





### हिसाब-किताब और बैंकिंग समझने में होगी आसानी

साक्षर होने के बाद महिलाएं स्वयं सहायता समूह के आय-व्यय का हिसाब समझ सकेंगी। बैंक खाते से जुड़े लेनदेन, जरूरी दस्तावेज और सरकारी योजनाओं से संबंधित जानकारी हासिल करने में भी उन्हें सुविधा होगी। डीसी एनआरएलएम इंद्रपाल सिंह ने बताया कि साक्षरता महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। पढ़ी-लिखी महिलाएं अपने बच्चों की शिक्षा पर भी बेहतर ध्यान दे सकेंगी और परिवार से जुड़े जरूरी फैसलों में अधिक सक्रिय भूमिका निभा सकेंगी।

अभियान के पहले चरण में स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी निरक्षर महिलाओं को चिन्हित किया जा रहा है। इसके बाद ब्लॉक स्तर पर महिला साक्षरता कक्षाएं संचालित की जाएंगी। कक्षाओं में पढ़ाई का जिम्मा समूह से जुड़ी पढ़ी-लिखी महिलाओं को सौंपा जाएगा।

इसके लिए उन्हें प्रशिक्षक के रूप में तैयार किया जाएगा, ताकि वे अपने समूह की अन्य महिलाओं को पढ़ना-लिखना सिखा सकें।







# फर्जी मेडिकल प्रमाण पत्र जारी करने का आरोप, सीएमओ से जांच की मांग

### फरह के शिवानी हॉस्पिटल के प्रबंधक पर बिना विशेषज्ञ डॉक्टर के अस्पताल चलाने का भी आरोप


**यूनिक समय, फरह।** कस्बा के हाइवे स्थित शिवानी मल्टी स्पेशलिटी यूनिट हॉस्पिटल के खिलाफ फर्जी मेडिकल प्रमाण पत्र जारी करने और बिना मान्यता प्राप्त मेडिकल विशेषज्ञ के अस्पताल संचालित किए जाने की शिकायत सीएमओ से की गई है। कस्बा निवासी मयंक ने सीएमओ को दिए शिकायती पत्र में मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

शिकायत में आरोप लगाया गया है कि 20 फरवरी 2024 को पड़ोसियों के साथ मारपीट के मामले में थाना में मुकदमा दर्ज हुआ था। आरोप है कि इसी मामले में क्रॉस केस तैयार कराने के लिए शिवानी हॉस्पिटल के प्रबंधक से साजिश कर धर्मवीर, विष्णु और रिया के नाम से इलाज संबंधी मेडिकल प्रपत्र तैयार कराए गए और उनका न्यायालय में इस्तेमाल किया गया।

शिकायतकर्ता का दावा है कि प्रारंभिक मेडिकल प्रपत्रों पर डॉक्टर का नाम और मोहर नहीं थी। बाद में अस्पताल प्रबंधक द्वारा इन्हें फर्जी और कूटरचित बताए जाने का लिखित पत्र 27 अगस्त 2025 को दिया गया। आरोप है कि इसके बावजूद बाद में डॉ. विवेक कुमार के नाम की मोहर लगाकर इन्हीं प्रपत्रों की प्रति जारी की गई।

शिकायतकर्ता ने अस्पताल की वैधता और चिकित्सकीय स्टाफ की भी जांच कराने की मांग की है। सीएमओ से अस्पताल और प्रबंधक के खिलाफ जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है। सीएमओ डा. राधा बल्लभ का कहना है कि प्रकरण की जानकारी नहीं है, फिर भी जांच कराई जाएगी।

# कम वोल्टेज ने शंकर विहार के लोगों की उड़ाई नींद





### शनिवार को 150 वोल्टेज आने से परेशान रहे लोग, एसडीओ ने नहीं रिसीव किया फोन

### कम वोल्टेज से बिजली उपकरण खराब होने का खतरा

**यूनिक समय, मथुरा।** शंकर विहार स्थित यूनिक समय कार्यालय वाली कॉलोनी में इन दिनों सुबह के समय बिजली का वोल्टेज करीब 150 वोल्ट तक पहुंच रहा है। इससे घरों में लगे बिजली के उपकरणों के खराब होने का खतरा बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार बिजली विभाग को इसकी सूचना देने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ है। स्थानीय लोगों ने बताया कि कम वोल्टेज की समस्या सुबह के समय अधिक रहती है। इससे पंखे, फ्रिज, टीवी और अन्य बिजली उपकरणों के खराब होने की आशंका बनी हुई है। लोगों का कहना है कि यदि कम वोल्टेज के कारण कोई बड़ा नुकसान होता है तो इसकी जिम्मेदारी किसकी होगी।

समस्या की शिकायत के लिए संबंधित एसडीओ बिजली विभाग से फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ। इसके बाद मुख्य अभियंता राजीव गर्ग को मामले की जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि यह मामला अभी उनके संज्ञान में नहीं था। समस्या का जल्द समाधान कराने को कहा है।

# मौसम का मिजाज बदला छाए रहेंगे घने बादल



शनिवार शाम को बारिश से बचने के लिए छाता लगाकर जातीं महिलाएं।

### आसमान पर गहराए काले बादल, शाम को बरसी फुहार

### तेज शीतल बयार से मिली राहत, छह दिन रहेगा बादलों का डेरा

**यूनिक समय, मथुरा।** मौसम विभाग ने जिले से जुड़ा मौसम का पूर्वानुमान जारी किया था, शनिवार को भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। गरज-चमक, वज्रपात, तेज हवाओं के साथ मध्यम से भारी बारिश की संभावना जताई गई थी, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। शाम को आसमान से बरसीं फुहारों ने मौसम को ठंडा कर दिया। अब आगामी दिनों तक आसमान में छाए काले बादल और मध्यम बयार लोगों को राहत देंगे।

सुबह से ही आसमान पर घने काले बादल छा गए, लेकिन मध्यम गति से चली बयार ने आसमान पर छाए और रह-रहकर गहराते काले बादलों को टिकने नहीं दिया। इसी वजह से सुबह से दोपहर तक काले बादल आसमान में धमा-चौकड़ी मचाते रहे, लेकिन एक बूंद भी पानी नहीं बरसा।

शाम को जरूर आसमान से फुहार बरसने लगीं। वैसे, मौसम विभाग के पूर्वानुमान की वजह से इंटर कालेजों में अवकाश रहा, बच्चे ऐसे मौसम का मजा लेते रहे। बीच-बीच में खिली धूप से किसी को परेशानी नहीं हुई।

मौसम के ऐसे हाल से तापमान में जरूर गिरावट दर्ज की गई। मौसम विज्ञानी नरेंद्र कुमार के अनुसार, एक अक्टूबर तक आसमान में मध्यम से घने बादल छाए रहेंगे। शीतल बयार की वजह से अधिकतम तापमान आज घटकर 31 डिग्री सेल्सियस पर आ गया, जिसमें कुछ और गिरावट आएगी, जबकि न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मध्यम गति से चलने वाली बयार लोगों को राहत देती रही।

### पितृ पक्ष शुरू, 10 अक्टूबर तक होगा तर्पण

# पितरों के तर्पण को यमुना पर उमड़े श्रद्धालु



यमुना किनारे विश्राम घाट पर यजमान से तर्पण कराता पुरोहित।



स्वामी घाट पर यमुना में पितरों का तर्पण करते लोग।

**यूनिक समय, मथुरा।** पितरों के प्रति श्रद्धा और नमन का पर्व पितृ पक्ष शनिवार से शुरू हो गया। पहले दिन पूर्णिमा तिथि का श्राद्ध किया गया। अब 27 सितंबर से प्रतिपदा तिथि के साथ मुख्य श्राद्ध कर्म शुरू होंगे। पितृ पक्ष का समापन 10 अक्टूबर को सर्वपितृ अमावस्या के साथ होगा।

आचार्य पंडित लक्ष्मण प्रसाद ने बताया कि पितृ पक्ष में तर्पण, पिंडदान और ब्राह्मण भोजन का विशेष महत्व माना गया है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, इस अवधि में पूर्वजों का स्मरण और विधि-विधान से श्राद्ध करने से पितरों की शांति और परिवार में सुख-समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त होता है। उन्होंने बताया कि श्राद्ध के दिन भोजन तैयार करने के बाद सबसे पहले गाय,

### आज था पूर्णिमा श्राद्ध, 27 सितंबर से प्रतिपदा श्राद्ध शुरू

### सर्वपितृ अमावस्या पर होगा पितृ पक्ष का समापन

### यमुना किनारे चला तर्पण का क्रम

शनिवार को श्राद्ध के पहले दिन पूर्वजों का तर्पण करने का काम भी हुआ। शहर और देहातों में यमुना किनारे, बगीची और अन्य स्थानों पर विधान के साथ पूर्वजों का स्मरण करते हुए जल दिया गया। आचार्यों ने यजमानों से यमुना किनारे क्रिया कराई, काफी लोग यमुना किनारे तर्पण करते रहे।

कुत्ते, कौए, देवताओं और चींटियों के लिए भोजन का हिस्सा निकालने की परंपरा है। इसके बाद ब्राह्मण को भोजन कराया जाता है। श्राद्धकर्ता को पितृ पक्ष के दौरान धार्मिक नियमों का पालन करने की सलाह दी जाती है। मान्यता के अनुसार इन 16 दिनों में बाल, दाढ़ी और नाखून काटने से बचना चाहिए। तर्पण और श्राद्ध कर्म श्रद्धा और विधि-विधान से करने का विशेष महत्व माना गया है।

# चैतन्य विहार बिजलीघर की क्षमता बढ़ी

### 9000 से अधिक उपभोक्ताओं को मिलेगा लाभ

### पांच एमवीए से बढ़ाकर 10 एमवीए किया ट्रांसफार्मर

**यूनिक समय, मथुरा।** वृंदावन के चैतन्य विहार स्थित 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र की क्षमता वृद्धि का कार्य पूरा कर लिया गया है। उपकेंद्र में एक ट्रांसफार्मर की क्षमता पांच एमवीए से बढ़ाकर 10 एमवीए की गई है। इसके बाद उपकेंद्र की कुल क्षमता बढ़कर 30 एमवीए हो गई है। इससे क्षेत्र के 9000 से अधिक विद्युत उपभोक्ताओं को बेहतर और निर्बाध बिजली आपूर्ति मिलने की उम्मीद है।

विद्युत विभाग के अनुसार, क्षमता बढ़ने से उपकेंद्र पर बिजली का भार कम होगा और आपूर्ति व्यवस्था में सुधार आएगा। यह कार्य अधीक्षण अभियंता (वितरण) इंजीनियर मुदित तिवारी और अधीक्षण अभियंता (माध्यमिक कार्य) इंजीनियर रजनीश प्रकाश के मार्गदर्शन में कराया गया। अधिशासी अभियंता इंजीनियर अमित और अधिशासी अभियंता इंजीनियर अनिल कुमार पाल के निर्देशन में कार्य पूरा हुआ।

इस दौरान सहायक अभियंता इंजीनियर गजपाल सिंह, सहायक अभियंता इंजीनियर राहुल, अवर अभियंता सुनील, अवर अभियंता संजय गोला और अवर अभियंता ब्रज गोपाल सहित संबंधित अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। सहायक अभियंता (तकनीकी) इंजीनियर गजपाल सिंह ने बताया कि क्षमता वृद्धि से चैतन्य विहार उपकेंद्र से जुड़े उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति में राहत मिलेगी।

# यूपी बोर्ड परीक्षा में अब छात्रों की अपार आईडी भी जरूरी

### बोर्ड परीक्षा फॉर्म में छात्रों को दर्ज करना होगा नंबर

### जिले के 550 विद्यालयों में चल रहा पंजीकरण और आवेदन

**यूनिक समय, मथुरा।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा के ऑनलाइन आवेदन में अब छात्रों की अपार आईडी दर्ज करना अनिवार्य होगा। माध्यमिक शिक्षा परिषद ने विद्यालयों को इस संबंध में दिशा–निर्देश जारी कर निर्धारित समय सीमा में विद्यार्थियों की अपार आईडी तैयार कराने के निर्देश दिए हैं।

जिले के करीब 550 विद्यालयों में कक्षा नौ और 11वीं के विद्यार्थियों का पंजीकरण चल रहा है। इसके साथ ही हाईस्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन भी भरे जा रहे हैं।

आवेदन प्रक्रिया में छात्रों की अपार आईडी संख्या दर्ज करनी होगी। विद्यालयों को सभी पात्र विद्यार्थियों की आईडी तैयार कराने पर जोर दिया गया है।

### डिजिटल रिकॉर्ड में सुरक्षित रहेगा पूरा शैक्षिक ब्योरा

अपार आईडी के माध्यम से विद्यार्थियों के अंकपत्र और प्रमाणपत्र डिजिटल रिकॉर्ड से जोड़े जा सकेंगे। इससे शैक्षिक दस्तावेजों को सुरक्षित रखने और जरूरत पड़ने पर प्राप्त करने में सुविधा होगी। प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक विद्यार्थी की स्थायी डिजिटल पहचान के रूप में इसका उपयोग किया जाएगा। अपार आईडी में विद्यार्थी का नाम, माता–पिता का नाम, जन्मतिथि, परीक्षा परिणाम, खेलकूद उपलब्धियां और शैक्षिक क्रेडिट जैसी सूचनाएं दर्ज की जा सकती हैं। विद्यार्थी के दूसरे राज्य में जाकर पढ़ाई करने पर भी उसका शैक्षिक रिकॉर्ड डिजिटल माध्यम से उपलब्ध रहेगा। जिला विद्यालय निरीक्षक राघवेंद्र सिंह ने विद्यालयों को शत–प्रतिशत विद्यार्थियों की अपार आईडी तैयार कराने के स्पष्ट निर्देश दिए हैं।






# झांसी–आगरा कैंट एक्सप्रेस अब मथुरा तक चलेगी

### मथुरा के यात्रियों को मिलेगी सुविधा, राजा की मंडी, रुनकता, दीनदयाल धाम और बाद स्टेशनों पर होंगे ठहराव

**यूनिक समय, मथुरा।** भारतीय रेलवे ने वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी-आगरा कैंट एक्सप्रेस को मथुरा तक विस्तारित करने की मंजूरी दे दी है। इससे झांसी, आगरा और मथुरा के बीच सफर करने वाले यात्रियों को सीधी रेल सेवा का लाभ मिलेगा। ट्रेन के मथुरा तक आने से यात्रियों को आगरा तक जाकर दूसरी ट्रेन पकड़ने की परेशानी भी कम होगी।

रेलवे के अनुसार ट्रेन संख्या 11901/11902 वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी- आगरा कैंट एक्सप्रेस अब मथुरा तक संचालित होगी। ट्रेन संख्या 11901 झांसी से चलकर मथुरा पहुंचेगी, जबकि 11902 मथुरा से झांसी के लिए रवाना होगी। मथुरा तक विस्तार होने के बाद ट्रेन की कुल दूरी करीब 217 किलोमीटर से बढ़कर 270 किलोमीटर हो जाएगी। नई व्यवस्था के अनुसार ट्रेन संख्या 11901 वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी से शाम चार बजे रवाना होकर रात 11 बजे मथुरा पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन संख्या 11902 मथुरा से सुबह 5:05 बजे चलेगी और दोपहर 12:50 बजे वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी पहुंचेगी। राजा की मंडी, रुनकुता, दीनदयाल धाम और बाद स्टेशनों पर ट्रेन के वाणिज्यिक ठहराव होंगे।

## सार संक्षेप

### फरह में घर के बाहर मारपीट का आरोप

**यूनिक समय, फरह।** थाना क्षेत्र के गांव किरारई में घर के बाहर खड़े एक व्यक्ति के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर गांव निलवासी भंवर सिंह ने पुलिस को शिकायत दी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने तीन नामजद लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।
भंवर सिंह अनुसार, 24 सितंबर की शाम करीब छह बजे वह अपने घर के बाहर खड़े थे। आरोप है कि इसी दौरान सन्नी, सूरज और जगदीश वहां पहुंचे और गाली–गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की। बचाने के लिए परिवार के लोग मौके पर पहुंचे तो उनके साथ भी मारपीट की गई।

### घर में घुसकर मारपीट दो लोग घायल

**यूनिक समय, छाता।** थाना क्षेत्र के ग्राम जानपुर में घर में घुसकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता दीपक पांडेय निवासी ग्राम जानपुर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार शाम करीब सात बजे कुछ लोगों ने एक राय होकर घर में घुसकर लाठी–डंडों और सरियों से मारपीट की। मारपीट में उसके भाई कुलदीप के सिर में गंभीर चोटें आईं और वह बेहोश हो गया। परिजन उसे जिला अस्पताल मथुरा लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर बताते हुए दूसरे अस्पताल ले जाने की सलाह दी। इसके बाद घायल को सर्वोदय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। आरोप है कि बाद में शिकायतकर्ता की पत्नी पार्वती के साथ भी मारपीट की गई, जिसमें उसके बाएं हाथ की उंगली टूट गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर बालकिशन, हरिबाबू, देवा, आशा समेत तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

पढ़िए वो जो पढ़ना चाहिए
यूनिक समय
www.uniquesamay.com

# मेले से लापता बच्चे का क्षत–विक्षत शव तालाब किनारे मिला

### आधा धड़ और एक हाथ गायब, गांव में फैली दहशत

### रिंग गेम दुकानदार हिरासत में, पुलिस कर रही पूछताछ

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना बरसाना क्षेत्र के आजनौख गांव के मेले से लापता दस वर्षीय बच्चे का क्षत–विक्षत शव मिलने से सनसनी फैल गई। बच्चे का शव अंजन बिहारी मंदिर के समीप तालाब किनारे पड़ा मिला। शव का निचला हिस्सा और एक हाथ गायब था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले में मेले में रिंग गेम की दुकान लगाने वाले 18 वर्षीय युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

आजनौख निवासी दयाचंद का दस वर्षीय पुत्र कृष्णा 23 सितंबर को गांव में लगे मेले में गया था। देर शाम तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने तलाश शुरू की। गांव के लोगों ने भी बच्चे को काफी तलाश किया, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। रविवार सुबह भी परिजन और ग्रामीण बच्चे की तलाश कर रहे थे। इसी दौरान दयाचंद अंजन बिहारी मंदिर के समीप तालाब के किनारे से गुजर रहे थे। वहां बच्चे का शव देखकर उनके होश उड़ गए। शव की हालत देखकर गांव में दहशत फैल गई और बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए। पुलिस की जांच में सामने आया कि कृष्णा मेले में लगी रिंग गेम की दुकान पर करीब दो घंटे तक रहा था। दुकानदार युवक ने उसे कथित तौर पर 20 रुपये दिए थे और बाद में गांव के रास्ते पर छोड़ दिया था। इसके बाद बच्चे का पता नहीं चला। पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही बच्चे की मौत और शव की स्थिति के संबंध में स्थिति स्पष्ट होगी।

### अवैध देशी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**यूनिक समय, मथुरा।** बल्देव थाना पुलिस ने गश्त के दौरान अवैध देशी शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गश्त के दौरान कैलाश मार्ग, सहीराम गढ़ी मोड़ सड़क पर एक संदिग्ध व्यक्ति के थैला लेकर खड़े होने की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर संदिग्ध को पकड़ लिया। पूछताछ में पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम पूरन सिंह निवासी गढ़ी सुख्खा थाना बल्देव बताया। तलाशी के दौरान उसके पास से थैले में 16 क्वार्टर देशी शराब बरामद हुई।

यूनिक समय
स्वामी पवन गौतम के लिए राजकुमार गौतम द्वारा दैनिक यूनिक समय, 6 शंकर विहार, कृष्णा नगर मथुरा 281004 से प्रकाशित एवं बालाजी ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस कृष्णा नगर, मथुरा से मुद्रित।
**कार्यालय:**– यूनिक बिल्डिंग, 289-290 डायबिल नगर, कृष्णा नगर चौक, मथुरा।
संपादक–पवन गौतम
फोन नंबर–0565-3550761
मो. 9837155888
E-mail : uniquesamaynews@gmail.com
website : uniquesamay.com
RNI-UPHIN/2023/85053
DAVP-: 134220
डाक पंजीकृत संख्या मथुरा 071/2026–28
सभी विवादों का न्यायालय स्थान मथुरा होगा।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना हाईवे के राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंडी चौराहे के पोस्ट ऑफिस के निकट पैदल चलते एक युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार कर घायल कर दिया। युवक की अस्पताल में मौत हो गई। थाना हाईवे की बल्देव सिटी कॉलोनी में रहने वाला युवक भगवती प्रसाद(35) पुत्र लक्ष्मीनारायण शनिवार प्रातः सात बजे टहलने के लिए जा रहा था। मंडी चौराहे के समीप जैसे ही वह पोस्ट ऑफिस के समीप पहुंचा, तभी तेज गति से आते किसी वाहन ने उसे टक्कर मार दी। वाहन की टक्कर से वह सड़क पर गिरकर बुरी तरह से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को इस बारे में सूचना दी। इसके साथ ही घायल युवक को जिला अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में उसकी मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### तमंचा धारी गिरफ्तार

**यूनिक समय,मथुरा।** नौहझील पुलिस ने एक अभियुक्त को देशी तमंचा-कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बाजना कस्बे से लालपुर जाने वाले मार्ग पर बने डाक बंगले से आगे अभियुक्त ललित कुमार निवासी ऊपर कोट बाजना थाना नौहझील को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से देशी तमंचा-कारतूस बरामद हुए हैं।

# कब्र से निकाले गए मृत बच्चे का हुआ पोस्टमार्टम

### ननिहाल पक्ष के हत्या के आरोप पर डीएम ने दिए जांच के आदेश

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना जैंत क्षेत्र के धौरेरा में दस वर्षीय यश उर्फ युवराज की मौत की वजह सामने लाने के लिए शनिवार को पोस्टमार्टम कराया गया है। 25 अगस्त को दवा खाने के बाद उसकी मौत हो गई थी। परिजनों ने शव को यमुना किनारे श्मशान घाट में दफना दिया था। बाद में नाना राजवीर सिंह ने माता–पिता पर हत्या का आरोप लगाते हुए पोस्टमार्टम की मांग की। डीएम के आदेश पर पुलिस ने बुधवार को शव कब्र से निकलवाकर वीडियो रिकॉर्डिंग और पैनल से पोस्टमार्टम कराया। पिता पक्ष का कहना है कि बच्चे की तबीयत खराब रहती थी और दवा लेने के बाद उसकी मौत हुई। वहीं ननिहाल पक्ष ने इलाज में लापरवाही और हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।




# मौसम बदला तो बच्चों पर बढ़ा बीमारियों का प्रकोप

### महिला अस्पताल की ओपीडी 80 से बढ़कर 100 पहुंची

### टाइफाइड, डायरिया और वायरल संक्रमण के मरीज बढ़े

**यूनिक समय, मथुरा।** मौसम में बदलाव का असर अब बच्चों की सेहत पर दिखाई देने लगा है। दिन में धूप और सुबह-शाम हल्की ठंडक के बीच तापमान में उतार-चढ़ाव से बच्चे संक्रमण की चपेट में आ रहे हैं। जिला महिला अस्पताल की बाल रोग ओपीडी में इसका असर साफ नजर आ रहा है। पहले जहां प्रतिदिन करीब 80 बच्चे उपचार के लिए पहुंचते थे, वहीं अब संख्या बढ़कर करीब 100 हो गई है। इनमें टाइफाइड और डायरिया के मरीजों की संख्या अधिक है।

जिला महिला अस्पताल की बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. रोमिला के अनुसार, ओपीडी में रोजाना करीब 40 बच्चे टाइफाइड की शिकायत लेकर पहुंच रहे हैं। करीब 30 बच्चे डायरिया से पीड़ित मिल रहे हैं। इसके अलावा लगभग 20 बच्चों में वायरल संक्रमण के लक्षण दिखाई दे रहे हैं। करीब 10 बच्चे पेट संबंधी परेशानी और 10 बच्चे खून की कमी की समस्या से पीड़ित मिल रहे हैं।

चिकित्सक के मुताबिक, मौसम में अचानक बदलाव का बच्चों पर अधिक असर पड़ता है। तापमान में उतार-चढ़ाव के कारण संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में अभिभावकों को बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। बुखार, दस्त, उल्टी, पेट दर्द या कमजोरी जैसे लक्षण दिखाई देने पर बच्चों को नजरअंदाज न करें और चिकित्सकीय सलाह लें।

### साफ भोजन और पानी पर दें विशेष ध्यान

बाल रोग विशेषज्ञ ने बताया कि बदलते मौसम में बच्चों के खान-पान पर विशेष ध्यान देना जरूरी है। उन्हें ताजा और साफ भोजन दें। खुले में बिकने वाले खाद्य पदार्थों से बचाएं और पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ पानी पिलाएं। भोजन से पहले और शौचालय के बाद हाथ अच्छी तरह धोने की आदत डालें। उन्होंने बताया कि बच्चों को गुनगुने पानी से नहलाएं और मौसम के अनुसार कपड़े पहनाएं। ठंडी चीजों से भी बचाना चाहिए। थोड़ी सी सावधानी बरतकर बच्चों को बदलते मौसम में होने वाली कई स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से बचाया जा सकता है।




# स्वास्थ्य शिविर में 150 श्रमिकों और उद्यमियों की जांच


स्वास्थ्य शिविर के दौरान मौजूद अधिकारी और कारोबारी।

### श्रमिकों को निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण और चिकित्सकीय परामर्श

### सहायक श्रम आयुक्त बोले-स्वस्थ श्रमिक उद्योग की नींव

**यूनिक समय, मथुरा।** रिफाइनरी इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, साइट-बी और श्रम विभाग के संयुक्त तत्वावधान में ईएसआईसी एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से साइट-बी औद्योगिक क्षेत्र में मानव सेवा संकल्प अभियान के तहत श्रमिक सम्मान स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर में करीब 150 श्रमिकों, कर्मचारियों और उद्यमियों ने निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण और चिकित्सकीय परामर्श का लाभ लिया।

विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने विभिन्न स्वास्थ्य जांच की और मरीजों को आवश्यक परामर्श दिया। कार्यक्रम में सहायक श्रम आयुक्त राजकुमार सिंह ने कहा कि उद्योगों की वास्तविक शक्ति उनमें काम करने वाले श्रमिक हैं। स्वस्थ और सुरक्षित श्रमिक ही सशक्त उद्योग की नींव हैं। श्रमिकों के स्वास्थ्य-कल्याण के लिए विभाग और औद्योगिक संगठनों का समन्वय जरूरी है। एसोसिएशन अध्यक्ष मोहित अग्रवाल ने कहा कि संगठन औद्योगिक समस्याओं के साथ श्रमिकों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और कल्याण को भी सामाजिक जिम्मेदारी मानता है। मानव सेवा संकल्प अभियान के तहत यह इस वर्ष का तीसरा स्वास्थ्य शिविर है। शिविर में प्रवेश सिंह, रवि राजपूत, विनय अग्रवाल, हरेंद्र चौधरी, मयंक गोयल, प्रवीण मित्तल, उमेश मित्तल, सलीम खान, राशिद खान, दिलीप शुक्ला, हर्ष बत्रा और आशीष गर्ग सहित कई उद्यमी और एसोसिएशन सदस्य मौजूद रहे। समापन पर सहयोगी विभागों, चिकित्सकों और उद्यमियों का आभार जताया गया।

## पुराने बस स्टैंड से होली गेट तक चला निगम का डंडा

### नगर आयुक्त के निर्देश के बाद एक्शन में नगर निगम के अधिकारी

### अपर नगर आयुक्त प्रियंका सिंह के नेतृत्व में पुराने बस स्टैंड से होली गेट तक चला अभियान


शनिवार को होली गेट क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने के लिए दुकानदार को समझातीं अपर नगर आयुक्त प्रियंका सिंह।

**यूनिक समय, मथुरा।** नगर आयुक्त के निर्देश के बाद नगर निगम के अधिकारी अतिक्रमण के खिलाफ एक्शन में नजर आए। शनिवार को अपर नगर आयुक्त प्रियंका सिंह के नेतृत्व में नगर निगम की टीम ने शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। अभियान के दौरान पुराने बस स्टैंड से लेकर विकास बाजार होते हुए होली गेट चौराहे तक सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को हटाया गया।

कार्रवाई के दौरान नगर निगम की टीम ने सड़क और फुटपाथ पर अस्थायी रूप से लगाए गए सामान व अन्य अतिक्रमण को हटाया। अभियान के दौरान नगर निगम की स्पेशल फोर्स के साथ स्थानीय पुलिस भी मौजूद रही। पुलिस बल की मौजूदगी में अधिकारियों ने अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मार्ग को अतिक्रमण मुक्त कराने का प्रयास किया। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने और सार्वजनिक मार्गों पर अतिक्रमण रोकने के लिए अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## 30 सितंबर तक भवन कर पर 10 प्रतिशत छूट

### ओटीएस योजना का भी भवन स्वामियों को मिल रहा लाभ

### रविवार को भी खुले रहेंगे कैश काउंटर

**यूनिक समय, मथुरा।** नगर निगम द्वारा वर्तमान वित्तीय वर्ष 2026-27 के भवन कर पर 30 सितंबर तक 10 प्रतिशत की छूट दी जा रही है।

इसके साथ ही उत्तर प्रदेश शासन की ओर से ओटीएस (एकमुश्त समाधान) योजना के तहत बकाया धनराशि पर लगे सरचार्ज और ब्याज को समाप्त कर केवल बकाया धनराशि जमा करने की सुविधा भी दी जा रही है। इसका लाभ लेने के लिए बड़ी संख्या में भवन स्वामी अपना भवन कर जमा करा रहे हैं।

नगर निगम के राजस्व हितों को देखते हुए अब रविवार को अवकाश के दिन भी सभी जोन में कर विभाग के कार्यालय और कैश काउंटर खुले रहेंगे। नगर निगम की ओर से भवन स्वामियों से अपील की गई है कि वे छूट और ओटीएस योजना का लाभ उठाते हुए समय से अपना बकाया भवन कर जमा कराएं। 30 सितंबर के बाद वर्तमान वित्तीय वर्ष के कर पर मिलने वाली 10 प्रतिशत छूट का लाभ नहीं मिल सकेगा।

## पुलिस लाइन के पास दो बाइकों की भिड़ंत दो पुलिसकर्मी गंभीर

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना सदर बाजार क्षेत्र में शनिवार दोपहर करीब 2:30 बजे पुलिस लाइन के समीप दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में डायल 112 पर तैनात दो पुलिसकर्मी गंभीर घायल हो गए। वहीं, दूसरी बाइक पर सवार युवक भी घायल हुआ है।

जमुनापार क्षेत्र में डायल 112 पर तैनात हेमंत कुमार (25) और अनुज कुमार (26) बाइक से जा रहे थे। पुलिस लाइन के पास पहुंचते ही उनकी बाइक सामने से आ रही दूसरी मोटरसाइकिल से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि तीनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही सदर बाजार पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। दोनों पुलिसकर्मियों की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर उपचार के लिए आगरा रेफर कर दिया। दूसरी बाइक पर सवार अमन कुमार निवासी श्रीजी विहार कॉलोनी टाउनशिप का अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक जांच में अमन कुमार के शराब के नशे में होने की बात सामने आई है। हालांकि इसकी पुष्टि के लिए जांच की जा रही है। पुलिस ने दोनों क्षतिग्रस्त बाइकों को कब्जे में लेकर सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है।

# छात्र-छात्राओं ने निकाली स्वच्छता जागरूकता रैली



स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत निकली रैली में शामिल छात्राएं आदि।

**यूनिक समय, मथुरा।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत नगर निगम मथुरा-वृंदावन द्वारा शनिवार को छात्र-छात्राओं के सहयोग से स्वच्छता जन-जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में राधा रमन ग्लोबल पब्लिक स्कूल और बीएसए कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने लोगों को स्वच्छता अपनाने, कूड़ा निर्धारित स्थान पर डालने और चार प्रकार के डस्टबिन के माध्यम से कचरे को स्त्रोत पर ही अलग-अलग करने का संदेश दिया।

रैली राधा रमन ग्लोबल पब्लिक स्कूल से शुरू होकर बीएसए डिग्री कॉलेज प्रताप नगर होते हुए बीएसए इंजीनियरिंग कॉलेज तक पहुंची। इस दौरान विद्यार्थियों ने स्वच्छ और सुंदर मथुरा-वृंदावन के निर्माण में नागरिकों से सहयोग की अपील की। रैली में अपर नगर आयुक्त सुनीता सिंह, बीएसए कॉलेज के प्राचार्य डॉ. ललित मोहन शर्मा, स्कूल प्राचार्य राधा रमन सहित नगर निगम अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षक, आईईसी टीम और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## बच्चों को लुभा रहे हेलीकॉप्टर और बटरफ्लाई पटाखे

### बाजार में आई पटाखों की नई वैराइटी, रोशनी वाले क्रैकर्स की बढ़ी मांग

### ग्रीन पटाखों के साथ अनार चकरी, फुलझड़ी और चटर-पटर भी उपलब्ध










**यूनिक समय, मथुरा।** दीपावली का त्योहार नजदीक आते ही बाजारों में पटाखों की नई-नई वैराइटी सजने लगी है। इस बार बच्चों को आकर्षित करने के लिए दुकानों पर अलग-अलग आकार और अंदाज के पटाखे उपलब्ध हैं। पारंपरिक पटाखों के साथ बाजार में नए रोशनी वाले क्रैकर्स भी लोगों का ध्यान खींच रहे हैं। प्रदूषण को देखते हुए बाजार में ग्रीन पटाखे भी उपलब्ध कराए गए हैं। इनमें खास तौर पर फुलझड़ी और विभिन्न प्रकार के रोशनी वाले पटाखे शामिल हैं। वहीं बच्चों के लिए हेलीकॉप्टर और बटरफ्लाई जैसे पटाखे नई वैराइटी के रूप में बाजार में आए हैं। इनके चलने के दौरान निकलने वाली रोशनी और अलग अंदाज बच्चों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।

मंडी चौराहा स्थित एक पटाखा दुकानदार ने बताया कि इस बार बच्चों के लिए कई नई किस्म के पटाखे बाजार में आए हैं। अनार, चकरी, फुलझड़ी और चटर-पटर जैसे पारंपरिक पटाखों के साथ हेलीकॉप्टर और बटरफ्लाई क्रैकर्स की भी मांग है। दुकानदारों के अनुसार, दीपावली नजदीक आने के साथ पटाखों की बिक्री में तेजी आने की उम्मीद है। बाजार में ग्राहकों की पसंद को ध्यान में रखते हुए अलग-अलग कीमत और वैराइटी के पटाखे उपलब्ध कराए गए हैं।

# 17 साल बाद छाता मिल की उम्मीदों को मिला सरकारी भरोसा

**यूनिक समय, छाता।** छाता की बंद पड़ी शुगर मिल को लेकर किसानों के बीच बनी आशंकाओं को दूर करने के लिए शनिवार को छाता कोतवाली परिसर में शांति समिति एवं किसान संवाद बैठक हुई। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने किसानों से सीधा संवाद कर मिल के पुनर्निर्माण और क्षेत्रीय विकास को लेकर प्रशासन का पक्ष रखा।

जिलाधिकारी ने कहा कि करीब 17 वर्षों से बंद पड़ी शुगर मिल के नए सिरे से निर्माण के लिए शासनादेश जारी हो चुका है। उन्होंने बताया कि परियोजना को चरणबद्ध तरीके से विकसित किया जाएगा। पहले चरण में आधुनिक इथेनॉल प्लांट स्थापित किया जाएगा, जिसमें गन्ने के साथ मक्का और चावल का भी इस्तेमाल किया जा सकेगा। दूसरे चरण में क्षेत्र में पर्याप्त गन्ना उत्पादन होने पर परियोजना को चीनी मिल के रूप में विकसित किया जाएगा। अंतिम चरण में बिजली



थाना छाता में किसानों से संवाद करते डीएम चंद्रप्रकाश सिंह, एसएसपी श्लोक कुमार, साथ हैं एसपी ग्रामीण सुरेश चंद रावत, एडीएम वित्त पंकज वर्मा आदि।

उत्पादन की व्यवस्था भी प्रस्तावित है।

डीएम ने किसानों को भरोसा दिलाया कि क्षेत्र में उत्पादित गन्ने की खरीद मिल द्वारा की जाएगी। इथेनॉल प्लांट से प्रदूषण को लेकर उठ रही आशंकाओं पर उन्होंने कहा कि परियोजना में पर्यावरण सुरक्षा के निर्धारित आधुनिक मानकों का पालन किया जाएगा। उन्होंने किसानों से किसी भी अफवाह या भ्रम में नहीं आने की अपील की।

डीएम ने धरने पर बैठे किसानों से आंदोलन समाप्त कर क्षेत्र के विकास में सहयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि प्रशासन किसानों के हितों को ध्यान में रखकर काम करेगा और उनके हितों के खिलाफ कोई कदम नहीं उठाया जाएगा।

एसएसपी श्लोक कुमार ने आगामी त्योहारों को देखते हुए क्षेत्र में आपसी भाईचारा और सौहार्द बनाए रखने की अपील की। अधिकारियों ने किसानों से

### छाता मिल पर किसानों की भ्रांतियां दूर, धरना खत्म करने की अपील

### डीएम ने कहा— 17 साल से बंद मिल के पुनर्निर्माण का शासनादेश जारी

### इथेनॉल प्लांट के बाद गन्ना पर्याप्त होने पर चीनी मिल होगी तैयार

पराली नहीं जलाने और पर्यावरण संरक्षण में सहयोग करने को भी कहा। बैठक में एडीएम, एसडीएम, तहसीलदार, छाता कोतवाली प्रभारी समेत प्रशासन–पुलिस के अधिकारी, किसान और क्षेत्र के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# अंतिम दिन दो पालियों में हुई डीएलएड परीक्षा

**यूनिक समय, मथुरा।** डीएलएड की परीक्षा का शनिवार को अंतिम दिन रहा। अंतिम दिन भी परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई। पहली पाली में हिंदी और संस्कृत विषय की परीक्षा हुई, जबकि दूसरी पाली में कंप्यूटर विषय की परीक्षा कराई गई। परीक्षा को लेकर केंद्रों पर सुबह से ही परीक्षार्थियों की भीड़ दिखाई दी। परीक्षा समाप्त होने के बाद छात्र–छात्राएं केंद्रों से बाहर निकले।

परीक्षा देकर लौट रहे कुछ परीक्षार्थियों ने बताया कि हिंदी का प्रश्नपत्र सामान्य रहा। वहीं संस्कृत के कुछ प्रश्नों ने उन्हें थोड़ी देर के लिए उलझन में डाल दिया। हालांकि अधिकांश प्रश्न पाठ्यक्रम के अनुसार ही रहे और परीक्षा अच्छी हुई। दूसरी पाली में कंप्यूटर विषय की परीक्षा हुई, जिसे परीक्षार्थियों ने सामान्य बताया। परीक्षा समाप्त होने के साथ ही कई दिनों से चल रही डीएलएड परीक्षा प्रक्रिया भी पूरी हो गई। परीक्षा देकर बाहर निकले परीक्षार्थियों में अंतिम पेपर पूरा होने की खुशी दिखाई दी। कई छात्र–छात्राओं ने बताया कि अब उन्हें परीक्षा परिणाम का इंतजार रहेगा।

# अशोक सिंघल के शताब्दी वर्ष पर कोसी में हुई विस्तारक कार्यशाला



विहिप के पूर्व अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक सिंघल को नमन करते कार्यकर्ता।

**यूनिक समय, कोसीकलां।** श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के प्रणेता और विश्व हिंदू परिषद के पूर्व अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक सिंघल के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में शनिवार को संघ कार्यालय पर विशेष विस्तारक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और सिंघल के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यशाला में कोसी जिले के प्रखंड व जिला स्तर के विस्तारकों ने भाग लिया। मुख्य वक्ता के रूप में विश्व हिंदू परिषद के प्रांत संगठन मंत्री राजेश कुमार ने कहा कि अशोक सिंघल का पूरा जीवन राष्ट्र और संस्कृति को समर्पित था। उन्होंने समाज के हर वर्ग को जोड़कर राष्ट्र में नई चेतना जगाई। यह शताब्दी वर्ष हमारे लिए संकल्प लेने का वर्ष है कि हम उनके अधूरे कार्यों को आगे बढ़ाएंगे। कार्यशाला में तय किया गया कि विस्तारक जिले के गांव–गांव और कॉलेज-विश्वविद्यालयों में जाकर युवाओं को राष्ट्र निर्माण से जोड़ेंगे। सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण' और स्वदेशी को बढ़ावा देने के लिए जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। जिला शताब्दी विस्तारक शिवांग गुप्ता ने सभी कार्यकर्ताओं को उनके दायित्व सौंपे और राष्ट्र सेवा का संकल्प दिलाया।

अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रणवीर चौधरी ने की, जबकि संचालन जिला सहमंत्री जितेंद्र गुप्ता ने किया। इस अवसर पर हिमालय प्रताप, अनामिका पांडे, बबीता, डॉ. लव, महेश सिसोदिया, दीपक, मुकुल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मंडलीय फुटबाल चयन ट्रायल्स में मथुरा की सात महिला खिलाड़ी लेंगी हिस्सा



**यूनिक समय,मथुरा।** मंडलीय सब-जूनियर बालिका और सीनियर महिला फुटबाल चयन ट्रायल्स में जनपद की सात खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगी। यह चयन ट्रायल्स प्रतियोगिता आगरा के एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम आयोजित की जाएगी। सब-जूनियर बालिका वर्ग के चयन ट्रायल्स 27 सितंबर को सुबह 11 बजे से होंगे।

जनपद से दिव्या सिंह, गरिमा और आकांक्षा का चयन प्रतिभागिता के लिए किया गया है। वहीं सीनियर महिला वर्ग के चयन ट्रायल्स 28 सितंबर 2026 को सुबह 11 बजे से आयोजित होंगे। इस वर्ग में जिले अंजली शर्मा, प्रिया और नीतू कुमारी वर्मा अपनी प्रतिभा दिखाएंगी। उप क्रीड़ा अधिकारी आजाद सिंह ने कहा कि खिलाड़ी निर्धारित तिथि और समय पर चयन ट्रायल्स में मौजूद होने चाहिए।

# जिला अस्पताल में उपचार से पहले वृद्ध महिला की मौत, स्ट्रेचर न मिलने का आरोप

**यूनिक समय, मथुरा।** जिला अस्पताल में शनिवार शाम उपचार शुरू होने से पहले 65 वर्षीय महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान सलेमपुर हाईवे निवासी कांता के रूप में हुई है। परिजन उन्हें सांस लेने में परेशानी होने पर इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे थे।

परिजनों के अनुसार, कांता कई दिनों से सांस संबंधी बीमारी से परेशान थीं। शनिवार को अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल लाया गया। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल के मुख्य गेट पर पहुंचने के बाद उन्हें स्ट्रेचर उपलब्ध नहीं कराया गया। इसके बाद गार्डों ने सहारा देकर कांता को अस्पताल के अंदर पहुंचाया। परिजनों का कहना है कि अस्पताल पहुंचने तक कांता होश में थीं और चल पा रही थीं।



उन्हें उम्मीद थी कि अस्पताल में तत्काल उपचार मिल जाएगा। हालांकि, उपचार शुरू होने से पहले ही उनकी हालत बिगड़ गई और उन्होंने दम तोड़ दिया।

कांता की मौत के बाद परिजनों में मातम छा गया। उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं पर सवाल उठाते हुए स्ट्रेचर की सुविधा नहीं मिलने का आरोप लगाया। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया और शव को अपने साथ घर ले गए।

# 90 हजार की ठगी के आरोप में लेखपाल निलंबित

**यूनिक समय, मथुरा।** 90 हजार रुपये की ठगी, राजनीतिक प्रभाव का हवाला देकर डराने, फर्जी आईजीआरएस रिपोर्ट लगाने और मानसिक प्रताड़ना के आरोपों में लेखपाल अजय सिंह चौधरी को निलंबित कर दिया गया।

वह पहले तहसील छाता में तैनात थे और वर्तमान में तहसील सदर के लाडपुर क्षेत्र में लेखपाल के पद पर कार्यरत थे। उपजिलाधिकारी छाता की सात सितंबर की रिपोर्ट और नायब तहसीलदार की दो सितंबर की जांच आख्या के आधार पर कार्रवाई की संस्तुति की गई थी। जांच में प्रथम दृष्टया आरोपों को गंभीर मानते हुए अजय सिंह चौधरी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। शिकायतकर्ता ने प्रताड़ना के सदमे से अपने ताऊ की मृत्यु होने का आरोप भी लगाया है। उनके खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई शुरू कर तहसीलदार न्यायिक सदर मथुरा को जांच अधिकारी बनाया गया है। जांच रिपोर्ट एक माह में प्रस्तुत की जाएगी।

# वार्ड 31 में चला विशेष स्वच्छता अभियान,विधायक ने किया श्रमदान

**यूनिक समय, मथुरा।** स्वच्छता ही सेवा 2026 के अंतर्गत मथुरा–वृंदावन नगर निगम द्वारा संचालित 157 घंटे के महासफाई अभियान के क्रम में शनिवार को वार्ड संख्या 31 के नवनीत नगर, बलभद्र कुंड और आसपास के क्षेत्रों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान की शुरुआत प्रातः करीब 9 बजे हुई।

अभियान में विधायक श्रीकांत शर्मा ने सहभागिता करते हुए जनप्रतिनिधियों, नगर निगम अधिकारियों और नागरिकों के साथ झाड़ू लगाकर श्रमदान किया। अपर नगर आयुक्त सुनीता सिंह, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रामगोपाल सहित गणमान्य नागरिकों ने भी स्वच्छता अभियान में भाग लिया। इस



स्वच्छता अभियान के दौरान झाड़ू लगाते विधायक श्रीकांत शर्मा आदि।

दौरान लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए जनभागीदारी का संदेश दिया गया।

विधायक श्रीकांत शर्मा ने भूतेश्वर अखाड़ा परिसर में पौधारोपण भी किया। उन्होंने नागरिकों से स्वच्छता बनाए रखने के साथ अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। नगर निगम की

### नवनीत नगर, बलभद्र कुंड क्षेत्र में 157 घंटे के महासफाई अभियान के तहत हुई सफाई

आईईसी टीम ने स्थानीय नागरिकों को कचरे के उचित निस्तारण, घर और आसपास स्वच्छता बनाए रखने, नगर निगम के स्वच्छता प्रयासों में सहयोग के लिए जागरूक किया। नगर निगम द्वारा "हम सबने ठाना है, ब्रज को स्वच्छ बनाना है" संकल्प के साथ विभिन्न क्षेत्रों में विशेष सफाई और जनजागरूकता अभियान जारी रखने की बात कही गई।

# 15 लाख से बनेगी कृष्णा गली की सीसी सड़क, मिलेगी राहत



नारियल फोड़कर सीसी सड़क निर्माण का शुभारंभ करते पार्षद राकेश भाटिया।

**यूनिक समय, मथुरा।** नगर निगम मथुरा वृंदावन के वार्ड 36 जयसिंहपुरा में शुक्रवार को कृष्णा गली में करीब 15 लाख रुपये की सीसी सड़क और नाली निर्माण के कार्य का शुभारंभ पार्षद-कैबिनेट सदस्य राकेश भाटिया ने नारियल फोड़कर किया।

पार्षद ने बताया कि काफी दिनों से स्थानीय लोगों की सड़क निर्माण की मांग थी। इस सड़क निर्माण से कॉलोनीवासियों को काफी राहत मिल सकेगी।

वार्ड में विकास कार्यों की श्रृंखला थमेगी नहीं। बदस्तूर यह विकास कार्य वार्ड में होते रहेंगे। पार्षद ने स्थानीय वाशिंदों से अपील की कि हो रहे

### पार्षद ने सड़क निर्माण का नाली फोड़कर किया शुभारंभ

विकास कार्यों पर पूरी तरह नजर रखें, कही भी कमी हो तो तत्काल उन्हें बताएं। इस मौके समाजसेवी राजकुमार गौतम, अनिल कुमार वर्मा, दिलीप वर्मा, बबलू अग्रवाल, सरिता पप्पी, सुमन, मीना शर्मा, आशीष चौहान, जितेंद्र पाराशर, गिर्राज धनी, कान्हा वर्मा, सुजल अग्रवाल, कविता अग्रवाल, मीनाक्षी अग्रवाल, रागिनी अग्रवाल, तनु अग्रवाल, सोनू कुमार, सनी ठाकुर आदि मौजूद रहे।

# राम बनकर बच्चे सीख रहे त्याग, मर्यादा और संस्कार



### लक्ष्मण बने रोहन को भाई के लिए त्याग समझ आया

कक्षा सात के रोहन शर्मा लक्ष्मण का पात्र निभा रहे हैं। वह कहते हैं, राम के लिए लक्ष्मण ने महल का सुख छोड़ दिया। जब मैं लक्ष्मण की भूमिका करता हूं तो लगता है कि भाई के लिए त्याग से बड़ा कोई धर्म नहीं है। रोहन का मानना है कि राम और लक्ष्मण ने परिवार में एकता की सीख दी है। वह भविष्य में इंजीनियर बनना चाहते हैं।

### राम बने भव्य बोले-पिता की आज्ञा सबसे बड़ी सीख

कक्षा नौ के भव्य शर्मा प्रभु श्रीराम की भूमिका निभा रहे हैं। उनका कहना है, जब मैं राम बनता हूं तो समझ आता है कि राम होना कितना कठिन है। पिता की आज्ञा के लिए राजपाट छोड़कर वन चले जाना राम का सबसे बड़ा आदर्श है। मैं कोशिश करता हूं कि जीवन में कभी माता-पिता की बात न टालूं। भव्य का सपना बड़ा होकर डॉक्टर बनने का है। उनका कहना है कि लोगों की सेवा करना ही उनके लिए राम की सीख को आगे बढ़ाना होगा।

### स्कूल के बाद रामलीला में निभाते भगवान के स्वरूप

### बच्चों ने कहा- किरदार निभाकर जीवन की सीख मिली

### भरत बने दिव्यार्थ को त्याग सबसे बड़ा आदर्श लगा

कक्षा नौ के दिव्यार्थ दीक्षित भरत का पात्र निभा रहे हैं। वह कहते हैं, भरत को राजगद्दी मिली, फिर भी उन्होंने राम की खड़ाऊं रखकर शासन किया। इससे समझ आता है कि सत्ता से बड़ा भाई का प्रेम और परिवार का सम्मान होता है। दिव्यार्थ का सपना डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करना है।

### सीता का पात्र निभाकर तन्मय ने सीखा धैर्य

कक्षा आठ के तन्मय शर्मा माता सीता की भूमिका निभा रहे हैं। उनका कहना है, सीता माता ने सिखाया कि संकट में भी धैर्य और मर्यादा नहीं छोड़नी चाहिए। वन में भी उन्होंने कभी हार नहीं मानी। तन्मय भविष्य में गायक बनना चाहते हैं, लेकिन उनका कहना है कि जीवन में सीता माता की तरह मर्यादा बनाए रखना उनकी सबसे बड़ी सीख रहेगी।

**यूनिक समय, कोसीकलां।** स्कूल की किताबों से लेकर रामलीला के मंच तक इन दिनों नगर के बच्चों की दिनचर्या बदल गई है। दिन में ये बच्चे स्कूल में पढ़ाई करते हैं और शाम होते ही राम भवन में पहुंचकर रामायण के पात्रों का अभ्यास करते हैं। कोई राम बनकर मर्यादा सीख रहा है तो कोई लक्ष्मण बनकर भाई के प्रति समर्पण समझ रहा है। भरत के पात्र को निभाने वाला बच्चा त्याग को जीवन की सबसे बड़ी सीख बता रहा है, जबकि सीता का स्वरूप निभाने वाला बच्चा विपरीत परिस्थितियों में धैर्य बनाए रखने की बात कह रहा है।

छह अक्टूबर को झंडा पूजन के साथ शुरू होने वाले श्रीराम-भरत मिलाप मेले से पहले राम भवन में बाल स्वरूपों का अभ्यास चल रहा है। 10 से 14 वर्ष के विप्र बालक राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न और सीता सहित प्रमुख पात्रों की भूमिका निभा रहे हैं। इन बच्चों के लिए रामलीला केवल मंच पर संवाद बोलने का अवसर नहीं, बल्कि अपने पात्र के आदर्शों को समझने का अनुभव बन रही है। रामलीला निर्देशक सत्यनारायण पुरोहित बताते हैं कि बच्चों को केवल संवाद याद नहीं कराए जाते। उन्हें यह भी सिखाया जाता है कि मंच पर किस तरह बोलना है, कहां ठहरना है, हाव-भाव कैसे रखने हैं और पात्र की मर्यादा कैसे बनाए रखनी है। बच्चों को उनके पात्र के गुणों और आदर्शों को समझाने पर विशेष जोर दिया जाता है। कोसीकलां की वर्षों पुरानी रामलीला में इस बार भी बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा है। मंच पर उतरने से पहले ही ये बाल स्वरूप रामायण के पात्रों से मिलने वाली सीख को अपने जीवन से जोड़ने लगे हैं।

## पूर्व एमएलसी स्व. चौधरी लेखराज की मनाई छठीं पुण्यतिथि



पूर्व एमएलसी स्व. लेखराज चौधरी को पुष्पांजलि अर्पित करते नरदेव चौधरी आदि।

**यूनिक समय, कोसीकलां।** प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण के अनुज और मंत्री प्रतिनिधि नरदेव चौधरी के पिता पूर्व विधान परिषद सदस्य स्वर्गीय चौधरी लेखराज की छठीं पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई।

स्व. चौधरी लेखराज छाता क्षेत्र की राजनीति का वह नाम थे, जिनकी ईमानदारी, सादगी और जनसेवा की आज भी मिसाल दी जाती है। एमएलसी रहते हुए उन्होंने किसानों, मजदूरों और गरीबों की आवाज को विधान परिषद में बुलंद किया। उनके कार्यकाल में कराए गए विकास कार्य आज भी धरातल पर दिखाई देते हैं। वे कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण के छोटे भाई थे और दोनों भाइयों की जोड़ी ने ब्रज की राजनीति को नई दिशा दी। उनके पुत्र नरदेव चौधरी आज अपने पिता के नक्शे-कदम पर चलते हुए जनसेवा की विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं। समर्थकों ने कहा कि चौधरी लेखराज भले ही आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनकी दी हुई सीख, उनका आशीर्वाद और उनके संस्कार आज भी हमारे साथ हैं। वे हमेशा हमारे दिलों में अमर रहेंगे। पुण्यतिथि के अवसर पर पैतृक गांव से लेकर कोसीकलां कार्यालय तक हवन-पूजन, पुष्पांजलि और भंडारे का आयोजन कर उन्हें याद किया गया। पुष्पांजलि में कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण, चेयरमैन धर्मवीर अग्रवाल, नरदेव चौधरी, कर्मवीर चौधरी, विवेक चौधरी, चौधरी दिव्यांशु सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## भक्ति में डूबा कमला नगर

### भागवत कथा का हवन के साथ विश्राम, रविवार को महाभंडारा

**यूनिक समय, कोसीकलां।** राधाष्टमी महोत्सव और ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा पर नगर के कमला नगर में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का शनिवार को हवन-पूजन के साथ विश्राम हुआ। 26वें सर्वजनीय वार्षिकोत्सव पर आयोजित इस ज्ञान यज्ञ में पूरे सप्ताह भक्ति की अविरल धारा बहती रही। अंतिम दिन कथा व्यास थलेश कुमार शास्त्री ने कहा कि श्रीमद् भागवत मुक्ति का द्वार है। राधा नाम के बिना कृष्ण अधूरे हैं और राधा रानी की कृपा के बिना ब्रज वास अधूरा है। उन्होंने कहा कि जहां भागवत कथा होती है, वहां स्वयं देवता निवास करते हैं। कथा सुनते हुए कई श्रद्धालु भावुक हो गए। शनिवार सुबह 10 बजे वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से हवन किया गया। श्रद्धालुओं ने सुख-समृद्धि और ब्रज की खुशहाली के लिए आहुतियां दीं। पूरा पंडाल राधे-राधे के जयघोष से गूंज उठा। समिति के निखिल चौधरी के अनुसार, रविवार सुबह 10 बजे विशाल भंडारा होगा, जिसमें हजारों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। 28 सितंबर सोमवार को दोपहर तीन बजे साधु-संतों के लिए विशेष साधु प्रसाद का आयोजन किया जाएगा।

## कोसी-नंदगांव रोड पर कार और स्कूटी में भिड़ंत, दंपति घायल

**यूनिक समय, कोसीकलां।** कोसी-नंदगांव मार्ग पर गांव सुरवारी पेट्रोल पंप के पास शनिवार दोपहर एक तेज रफ्तार कार ने स्कूटी में टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी सवार दंपति घायल हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, शनिवार दोपहर राहगीर सोनू ने डायल 112 पर सूचना दी कि सुरवारी पेट्रोल पंप के पास एक्सीडेंट हो गया है। सूचना पर कोकिलावन चौकी इंचार्ज अंकित शर्मा मय फोर्स के मौके पर पहुंच गये। जांच में पता चला कि बोलेरो कार ने स्कूटी में टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी चालक योगेश निवासी बांसा थाना होडल, जिला पलवल हरियाणा और उनकी पत्नी पूजा घायल हो गईं। दोनों को हल्की चोटें आई हैं। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां प्राथमिक उपचार के बाद वह अपने घर लौट गये। घायल योगेश ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

## कल क्षमावाणी महापर्व, बैंड-बाजे के साथ निकलेगी भगवान की रथ यात्रा

**यूनिक समय, कोसीकलां।** नगर में रविवार 27 सितंबर को पर्वाधिराज पर्यूषण पर्व के समापन पर क्षमावाणी पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। सकल दिगंबर जैन समाज ने इसकी तैयारियां पूरी कर ली हैं। नगर में जगह-जगह स्वागत द्वार सजाए गए हैं। समाज के कैलाशचंद जैन चंदेरिया ने बताया कि रविवार सुबह सात बजे पाण्डे वाले मंदिर में नित्य नियम पूजा और अभिषेक के साथ कार्यक्रमों की शुरुआत होगी।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सुबह 11 बजे पांडे वाले मंदिर से निकलने वाली भव्य रथ यात्रा होगी। भगवान जिनेंद्र को रथ पर विराजमान कर नगर भ्रमण कराया जाएगा। रथ यात्रा के दौरान बैंड-बाजे और भजन मंडली साथ चलेंगी। समाज के लोग श्वेत वस्त्र धारण कर यात्रा में शामिल होंगे। दोपहर दो बजे जैन धर्मशाला में प्रीतिभोज और बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। शाम पांच बजे मंदिर में कलशाभिषेक होगा। इसके बाद शाम साढ़े पांच बजे क्षमावाणी का मुख्य कार्यक्रम होगा। इसमें समाज के लोग एक-दूसरे से भूल-चूक के लिए क्षमा मांगेंगे और मिच्छामि दुक्कड़म कहकर गले मिलेंगे।

## शिविर में पोक्सो कानून की छात्राओं को दी जानकारी



कस्तूरबा गांधी की छात्राओं को पोक्सो कानून की जानकारी देते डिफेंस काउंसिल।

### गोवर्धन के कस्तूरबा गांधी विद्यालय में जागरूकता शिविर आयोजित

### कानूनी अधिकारों और बाल संरक्षण प्रावधानों से कराया परिचित

**यूनिक समय, मथुरा।** बाल संरक्षण से जुड़े कानूनी प्रावधानों की जानकारी देने के लिए कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय गोवर्धन में शनिवार को पोक्सो अधिनियम-2012 पर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित हुआ। यह आयोजन उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देश और जनपद न्यायाधीश विकास कुमार के निर्देशन में हुआ।

शिविर में डिप्टी लीगल एड डिफेंस काउंसिल विनय कुमार और रुपेश चौधरी ने छात्राओं को पोक्सो अधिनियम के प्रमुख प्रावधानों की सरल भाषा में जानकारी दी। उन्होंने बालिकाओं के साथ होने वाले यौन अपराधों से संबंधित कानूनी प्रावधानों, संरक्षण और शिकायत की प्रक्रिया के बारे में बताया। छात्राओं को किसी भी तरह की आपत्तिजनक या असुरक्षित स्थिति में चुप रहने के बजाय उचित माध्यम से शिकायत करने के लिए जागरूक किया गया।

बताया गया कि किशोरों में बाल संरक्षण से जुड़े कानूनों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से दो अक्टूबर तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत जिले के विद्यालयों और महाविद्यालयों में विधिक साक्षरता और जागरूकता कार्यक्रम, कला प्रतियोगिताएं और नुक्कड़ नाटक सहित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। शिविर में छात्राओं ने कानूनी प्रावधानों से जुड़े सवाल भी पूछे, जिनका वक्ताओं ने सरल भाषा में समाधान बताया। आयोजन का उद्देश्य छात्राओं को उनके कानूनी अधिकारों और सुरक्षा संबंधी प्रावधानों के प्रति जागरूक करना रहा।

## हाईवे किनारे मिला बुजुर्ग का शव, पहचान में जुटी पुलिस

**यूनिक समय, कोसीकलां।** राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर शनिवार को एक अज्ञात बुजुर्ग का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए हैं। पुलिस के अनुसार, डीग भरतपुर निवासी जीतू पुत्र मोहन सिंह ने चौकी कोटवन पर आकर सूचना दी कि शिवा ढाबा के पीछे सड़क किनारे एक व्यक्ति का शव पड़ा है। सूचना मिलते ही कोटवन चौकी इंचार्ज उत्तम चौहान मय पुलिस बल के मौके पर पहुंच गए और शिनाख्त करने का प्रयास किया। शिनाख्त न होने पर पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## नंदगांव रोड पुल के नीचे जाम, मौके से नदारद रही पुलिस

**यूनिक समय, कोसीकलां।** नगर के नंदगांव रोड पुल के नीचे शनिवार को लगा भीषण जाम यातायात व्यवस्था की पोल खोल गया। पुल के नीचे दोनों ओर वाहनों की करीब एक किलोमीटर लंबी लाइन लग गई।

दरअसल, शनिवार शाम पीक आवर में पुल के नीचे जाम लग गया। यह मार्ग कोकिलावन, नंदगांव, बरसाना और गोवर्धन जाने वाला मुख्य मार्ग है। वीकेंड होने के कारण ब्रज में दर्शन को आए हजारों श्रद्धालुओं के वाहन इसी जाम में फंस गए। करीब एक घंटे तक



नंदगांव पुल के नीचे लगे जाम में फंसे वाहन।

वाहन रेंग-रेंग कर चले। स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि पुल के नीचे सड़क पहले से ही सकरी है, ऊपर से ऑटो और ई-रिक्शा चालकों द्वारा बीच सड़क पर वाहन खड़ा कर सवारी भरने से स्थिति और बिगड़ जाती है। लोगों का आरोप है कि जब जाम लगा तब मौके पर पुलिस का एक भी जवान मौजूद नहीं था। लोगों ने स्वयं ही धक्का देकर जाम खुलवाया। लोगों का कहना है कि यहां रोजाना जाम लगता है, लेकिन पुलिस को नगर की यातायात व्यवस्था से उसे कोई लेना-देना नहीं है। श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों ने प्रशासन से पुल के नीचे से अतिक्रमण हटाने और स्थायी रूप से ट्रैफिक पुलिस तैनात करने की मांग की है।

## सुविचार

हार केवल तब होती है, जब इंसान प्रयास करना पूरी तरह छोड़ देता है।

## कल का पंचांग

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| तिथि | प्रतिपदा | 10:19-08:59 तक | पक्ष | कृष्ण पक्ष |
| नक्षत्र | उ. भाद्रपद | 11:32-11:08 तक | माह | आश्विन |
| सूर्योदय | | 6:10 AM | चन्द्रोदय | 06:25 PM |
| सूर्यास्त | | 6:10 PM | चंद्रास्त | 06:34 AM |
| सूर्य राशि | | कन्या राशि | चंद्र | मीन राशि |
| शुभ मुहूर्त | | 11:51AM –12:41 PM | ब्रहम् मुहूर्त | 04:20-05:18 |
| त्योहार/व्रत | | | विक्रम संवत् | 2083 |
| राहुकाल | | 04:40 AM: 06:10 PM | वार | रविवार |

## ब्रज के मंदिरों के दर्शन




ब्रज की सभी कथा और श्री राधा कृष्ण की सभी लीलाओं के दर्शन यूनिक समय चैनल के माध्यम से करें।

Youtube Channel : https://youtube.com/uniquesamay

# आज रात आसमान में दिखेगा खूबसूरत हार्वेस्ट मून

### पूर्व दिशा में चमकेगा शनि, साफ मौसम में दिखेगा नजारा

### पूर्णिमा पर चंद्रमा के साथ शनि ग्रह भी आएगा नजर



**यूनिक समय, मथुरा।** शनिवार रात आसमान में खगोलीय नजारा देखने को मिलेगा। 26 सितंबर को सितंबर महीने की पूर्णिमा है, जिसे हार्वेस्ट मून कहा जाता है। पूर्णिमा के चरम पर चंद्रमा रात करीब 10:19 बजे होगा। हालांकि, इसे देखने के लिए इस समय तक इंतजार करने की जरूरत नहीं है। सूर्यास्त के बाद से ही चंद्रमा लगभग पूरा गोल और चमकीला नजर आएगा। साफ मौसम होने पर देर रात तक इस नजारे का आनंद लिया जा सकता है।

हार्वेस्ट मून नाम का संबंध पुराने समय की खेती–किसानी से माना जाता है। उत्तरी गोलार्ध में सितंबर के आसपास पूर्णिमा के दिनों में चंद्रमा के रोजाना उदय होने के समय में अंतर अपेक्षाकृत कम रहता है। इससे सूर्यास्त के बाद कई रातों तक पर्याप्त चांदनी मिलती थी और किसानों को फसल काटने के लिए अतिरिक्त रोशनी उपलब्ध होती थी। इसी कारण सितंबर के आसपास की पूर्णिमा को हार्वेस्ट मून कहा जाने लगा। आज रात हार्वेस्ट मून के साथ शनि ग्रह भी आसमान में दिखाई दे सकता है। इसे देखने के लिए विशेष उपकरण जरूरी नहीं हैं। चंद्रमा के आसपास पूर्व दिशा की ओर नजर डालने पर शनि चमकीले बिंदु के रूप में नजर आ सकता है। हालांकि, चंद्रमा की तेज रोशनी के कारण शनि को पहचानने में थोड़ी मुश्किल हो सकती है। साफ आसमान और कम रोशनी वाले स्थान से दृश्य बेहतर दिखाई देगा।

MANNAT
GROUP
Building Your Vision, Creating Reality

इसी दिन भाद्रपद पूर्णिमा भी है। धार्मिक मान्यताओं में इस तिथि का विशेष महत्व माना जाता है।

पूर्णिमा पर स्नान, दान, पूजा और चंद्रमा को अर्घ्य देने की परंपरा है। इसके साथ ही पितृपक्ष की शुरुआत भी मानी जाती है। श्रद्धालु पूर्वजों के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए तर्पण और अन्य धार्मिक कार्य करते हैं।

# सूरज पर दिखा विशाल सनस्पॉट वैज्ञानिकों ने जताई चिंता



### एक पल में जल जाएंगे सारे सैटेलाइट

### धरती से करीब 40 गुना चौड़े धब्बे ने बढ़ाई वैज्ञानिकों की दिलचस्पी


### सुपरफ्लेयर से तकनीकी व्यवस्था पर पड़ सकता है असर

**यूनिक समय, मथुरा।** सूरज पर होने वाली गतिविधियों को लेकर वैज्ञानिकों की एक नई रिसर्च ने खगोल विज्ञान में दिलचस्पी बढ़ा दी है। जर्मनी के मैक्स प्लांक इंस्टीट्यूट फॉर सोलर सिस्टम रिसर्च के वैज्ञानिकों ने सूरज पर बनने वाले विशाल सनस्पॉट का अध्ययन किया है। शोध में वर्ष 1947 में दर्ज एक ऐसे सनस्पॉट का उल्लेख है, जिसकी चौड़ाई पृथ्वी के व्यास से करीब 40 गुना थी। वैज्ञानिकों के अनुसार बड़े सक्रिय क्षेत्रों में शक्तिशाली सौर ज्वालाएं पैदा हो सकती हैं।

सूरज पर सामान्य रूप से सौर ज्वालाएं और सौर तूफान आते रहते हैं। अत्यधिक शक्तिशाली घटना को सुपरफ्लेयर कहा जाता है। वैज्ञानिकों का कहना है कि ऐसे विस्फोट से भारी मात्रा में विकिरण और ऊर्जावान कण अंतरिक्ष में फैल सकते हैं। पृथ्वी का वायुमंडल और चुंबकीय क्षेत्र सतह पर रहने वाले लोगों को इसके बड़े हिस्से से बचाते हैं, लेकिन अंतरिक्ष में मौजूद उपग्रहों और संचार प्रणालियों पर असर पड़ सकता है।

ऐसी घटनाओं से उपग्रह संचालन, रेडियो संचार, जीपीएस और बिजली के ढांचे में व्यवधान का खतरा बढ़ सकता है। वैज्ञानिक पुराने पेड़ों के छल्लों में मिले रेडियोधर्मी संकेतों के जरिए अतीत की अत्यधिक सौर घटनाओं का भी अध्ययन कर रहे हैं। शोध का उद्देश्य सूरज की ऐसी गतिविधियों को बेहतर ढंग से समझना है।

# स्टैंडअप शो में छात्र की टिप्पणी पर भड़के प्रोफेसर




**यूनिक समय, मथुरा।** अहमदाबाद की निरमा यूनिवर्सिटी के 'टेक्नोफोरा 2026' फेस्ट में स्टैंड–अप कॉमेडी शो के दौरान प्रोफेसर और छात्र के बीच विवाद हो गया। कार्यक्रम में कॉमेडियन रजत सूद प्रस्तुति दे रहे थे। इसी दौरान ईसी विभाग के प्रोफेसर एचके पटेल दर्शकों को संबोधित कर रहे थे। तभी एक छात्र ने फिल्मी अंदाज में 'जल्दी बोल, पनवेल निकलना है' टिप्पणी कर दी। इस पर प्रोफेसर नाराज हो गए और छात्र को मंच पर बुला लिया।

वायरल वीडियो में प्रोफेसर छात्र का कॉलर पकड़कर उसे चेतावनी देते दिखाई दे रहे हैं।

घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। मामला बढ़ने के बाद प्रोफेसर और छात्र ने एक–दूसरे से माफी मांग ली। हालांकि, विश्वविद्यालय प्रशासन ने घटना को गंभीरता से लेते हुए तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की है।

### फिल्मी डायलॉग पर छात्र को मंच पर बुलाकर पकड़ा कॉलर

### वीडियो वायरल होने के बाद दोनों ने मांगी माफी

समिति में डीन और निदेशक समेत तीन सदस्य शामिल हैं। प्रशासन के अनुसार समिति सात दिन में रिपोर्ट सौंपेगी, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

# गोत्र–शहर बताएं, मिनट में मिल जाएगी पूर्वजों की वंशावली

**यूनिक समय, मथुरा।** श्राद्ध पक्ष शुरू होते ही उज्जैन के सिद्धवट घाट पर देशभर से श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया है। यहां तर्पण और पिंडदान के साथ तीर्थ पुरोहितों की करीब 150 साल पुरानी पोथियां भी आकर्षण का केंद्र बनी हैं। इनमें परिवारों की कई पीढ़ियों के नाम और वंशावली दर्ज होने का दावा किया जाता है।

पुरोहितों के अनुसार जजमान अपना प्रदेश, शहर, कस्बा, गोत्र और जाति बताते हैं। इसके आधार पर पोथियों में दर्ज रिकॉर्ड तलाशकर पूर्वजों के नाम और परिवार के उज्जैन आने से जुड़ी जानकारी बताई जाती है। श्राद्ध कर्म में पूर्वजों के नाम का उल्लेख होने के कारण इन पोथियों की खास उपयोगिता मानी जाती है।

श्राद्ध पक्ष में सिद्धवट, रामघाट और गया कोठा समेत प्रमुख घाटों पर तर्पण–पिंडदान कराया जा रहा है। उज्जैन नहीं पहुंच पाने वाले श्रद्धालुओं के लिए ऑनलाइन पूजा और तर्पण की व्यवस्था भी की गई है। धार्मिक मान्यता के अनुसार सिद्धवट क्षेत्र पितरों की मुक्ति से जुड़ा माना जाता है।




### 150 साल पुरानी पोथियों में पीढ़ियों के नाम और पते दर्ज

### उज्जैन के सिद्धवट घाट पर देशभर से पहुंच रहे श्रद्धालु

# घर से दूर रहकर भी ऐसे करें पितरों का स्मरण

**यूनिक समय, मथुरा।** पितृपक्ष में पूर्वजों के प्रति श्रद्धा और कृतज्ञता व्यक्त करने की परंपरा है। मान्यता के अनुसार इस दौरान तर्पण, श्राद्ध और दान–पुण्य करने से पितरों का आशीर्वाद प्राप्त होता है। इस वर्ष पितृपक्ष 26 सितंबर से शुरू होकर 10 अक्टूबर तक चलेगा। जो लोग काम या अन्य कारणों से घर से दूर हैं और पैतृक स्थान पर जाकर श्राद्ध नहीं कर सकते, वे अपनी सामर्थ्य के अनुसार सरल तरीके अपना सकते हैं।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार पितृपक्ष के दौरान प्रतिदिन पशु–पक्षियों को भोजन कराना पुण्यकारी माना जाता है। घर की छत या बालकनी में पक्षियों के लिए अनाज और पानी रखा जा सकता है। पशुओं को रोटी या फल खिलाए जा सकते हैं। आसपास गोशाला होने पर गायों को चारा या रोटी खिलाकर गोसेवा भी की जा सकती है।



पितरों की स्मृति में पौधा लगाना और उसकी नियमित देखभाल करना भी एक अच्छा संकल्प माना जाता है। जरूरतमंदों को भोजन, वस्त्र या आवश्यक सामग्री का दान कर पूर्वजों के प्रति श्रद्धा व्यक्त की जा सकती है। धार्मिक मान्यताओं में दक्षिण दिशा की ओर मुख करके जल और काले तिल अर्पित करने तथा दीपक जलाने की भी परंपरा बताई गई है। ये उपाय आस्था और श्रद्धा पर आधारित हैं।

### तर्पण संभव न हो तो श्रद्धा से करें सरल उपाय

### पशु–पक्षियों को भोजन, गोसेवा और दान का महत्व

# समस्या से नहीं, उसकी जड़ से लड़ना सफलता का मंत्र



### गुरु ने चंचल बकरी के जरिए शिष्य को समझाया जीवन का सूत्र

### जल्दबाजी छोड़ शांत मन से सोचने पर आसान होता है समाधान

**यूनिक समय, मथुरा।** एक शिष्य जीवन में सफल होने का रास्ता पूछने गुरु के पास पहुंचा। गुरु ने उसे एक चंचल बकरी खूंटे से बांधने को कहा। शिष्य ने काफी प्रयास किया, लेकिन बकरी बार–बार भागती रही। आखिर उसने तरीका बदला। पहले बकरी के पैरों को बांधा और फिर उसे आसानी से खूंटे तक ले गया। गुरु ने शिष्य की समझदारी की प्रशंसा करते हुए कहा कि जीवन की समस्याओं से भी इसी तरह निपटना चाहिए। किसी परेशानी को देखकर घबराने या सीधे उससे लड़ने के बजाय उसकी असली वजह समझना जरूरी है। जब समस्या की जड़ सामने आ जाती है तो समाधान आसान हो जाता है। कहानी की सीख है कि हर समस्या पर एक ही तरीका आजमाना जरूरी नहीं। यदि कोई उपाय काम न करे तो रणनीति बदलनी चाहिए। महत्वपूर्ण फैसले शांत मन से लेने और जरूरत पड़ने पर अनुभवी लोगों की सलाह लेने से रास्ता आसान हो सकता है।

## सम्पादकीय

# पैकेट पर लाल निशान, व्यवस्था पर कौन लगाए निशान

पैकेटबंद खाद्य पदार्थों पर अब लाल चेतावनी निशान लगाने की तैयारी है। चीनी ज्यादा है तो 'हाई शुगर', नमक ज्यादा है तो 'हाई साल्ट' और संतृप्त वसा ज्यादा है तो 'हाई फैट'। यानी सरकार चाहती है कि ग्राहक बिस्किट, नमकीन या पेय खरीदने से पहले सावधान हो जाए। विचार अच्छा है, लेकिन सवाल यह है कि पैकेट के सामने चेतावनी लगाने वाली व्यवस्था अपने सामने कब चेतावनी लगाएगी?



पवन गौतम
संपादक

देश में स्वस्थ भोजन की चर्चा लंबे समय से हो रही है। समितियां बैठती हैं, मसौदे बनते हैं, सुझाव मांगे जाते हैं और फिर मामला अगली बैठक की फाइल में चला जाता है। फ्रंट-ऑफ-पैक लेबलिंग पर करीब एक दशक से विचार-विमर्श चल रहा है। इतने लंबे समय में तो कोई व्यक्ति बच्चा होकर स्कूल जाता है और पढ़ाई पूरी कर नौकरी भी शुरू कर देता है, लेकिन खाद्य चेतावनी का फैसला अभी भी प्रक्रिया में है। विडंबना देखिए, पैकेट के पीछे पोषण संबंधी जानकारी पहले से मौजूद है, मगर इतनी छोटी और तकनीकी कि सामान्य ग्राहक उसे पढ़ते-पढ़ते शायद भूख ही भूल जाए। सामने आकर्षक शब्द चमकते हैं-'मल्टीग्रेन', 'नेचुरल', 'विटामिन युक्त', 'हाई प्रोटीन'। स्वास्थ्य का विज्ञापन बड़े अक्षरों में और चीनी-नमक-वसा का हिसाब छोटे अक्षरों में। बाजार का गणित साफ है-जो दिखेगा, वही बिकेगा। लेकिन केवल लाल निशान लगा देने से समस्या खत्म नहीं होगी। बच्चे जिस माहौल में जंक फूड के विज्ञापन देखते हैं, वहां एक चेतावनी चिन्ह विज्ञापन की चमक से मुकाबला कैसे करेगा? स्वस्थ भोजन महंगा, प्रसंस्कृत भोजन सस्ता और आसानी से उपलब्ध हो तो उपभोक्ता की पसंद को केवल उसकी 'जागरूकता' के हवाले करना भी सुविधाजनक बहाना है। जरूरत केवल लेबल की नहीं, खाद्य व्यवस्था की है। स्कूलों के आसपास स्वस्थ विकल्प, बच्चों के लिए भ्रामक विज्ञापनों पर नियंत्रण, उत्पादों में चीनी-नमक घटाने की जिम्मेदारी और पौष्टिक खाद्य पदार्थों की आसान उपलब्धता जरूरी है। आखिर पैकेट पर चेतावनी लिखना आसान है, व्यवस्था को स्वस्थ बनाना कठिन। इसलिए लाल निशान केवल नमकीन के पैकेट पर नहीं, उन नीतियों पर भी होना चाहिए जो वर्षों से 'विचाराधीन' पड़ी हैं। स्वस्थ भारत का रास्ता लेबल से शुरू हो सकता है, लेकिन मंजिल बेहतर खाद्य व्यवस्था से ही आएगी।

संपादकीय सुनने के लिए मोबाइल से QR कोड को स्कैन करें।

## नजरिया

# संयुक्त राष्ट्र में कश्मीर, आतंकवाद पर भारत ने पाकिस्तान को घेरा

बोध प्रकाश सगुणी

संयुक्त राष्ट्र महासभा का मंच एक बार फिर भारत और पाकिस्तान के बीच कश्मीर, आतंकवाद और क्षेत्रीय सुरक्षा को लेकर आरोप-प्रत्यारोप का केंद्र बन गया। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अपने संबोधन में कश्मीर का मुद्दा उठाया और 2025 में भारत-पाकिस्तान के बीच हुए सैन्य टकराव का उल्लेख करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हस्तक्षेप को संघर्ष रोकने में महत्वपूर्ण बताया। भारत ने जवाब के अधिकार का इस्तेमाल करते हुए पाकिस्तान के इन दावों को खारिज किया और सीमा पार आतंकवाद का मुद्दा प्रमुखता से उठाया।

भारत की ओर से संयुक्त राष्ट्र में प्रथम सचिव पेटल गहलोत ने पाकिस्तान के लोकतांत्रिक और मानवाधिकार संबंधी दावों पर सवाल उठाए। उन्होंने पाकिस्तान की राजनीतिक व्यवस्था में सेना की भूमिका का उल्लेख करते हुए कहा कि वहां सत्ता के वास्तविक केंद्र को समझना आवश्यक है। भारतीय प्रतिनिधि ने पाकिस्तान के हालिया संवैधानिक बदलावों और सैन्य नेतृत्व को मिली कानूनी सुरक्षा का भी संदर्भ दिया। भारत का यह बयान स्पष्ट रूप से पाकिस्तान की उस छवि पर सवाल उठाने की कोशिश था, जिसे वह अंतरराष्ट्रीय मंच पर लोकतांत्रिक और जिम्मेदार राष्ट्र के रूप में प्रस्तुत करना चाहता है। भारत के जवाब का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा आतंकवाद से जुड़ा रहा। नई दिल्ली लंबे समय से पाकिस्तान पर सीमा पार आतंकवाद को समर्थन देने का आरोप लगाती रही है। संयुक्त राष्ट्र में भारतीय पक्ष ने कहा कि आतंकवाद और हिंसा को बढ़ावा देने वाली गतिविधियों के परिणाम होंगे। यह भी कहा गया कि आतंकवाद के खिलाफ आत्मरक्षा के अधिकार का इस्तेमाल करने से भारत पीछे नहीं हटेगा। पाकिस्तान इन आरोपों को स्वीकार नहीं करता और भारत पर भी उसके खिलाफ आतंकवादी गतिविधियों को बढ़ावा देने के आरोप लगाता रहा है। इसलिए दोनों देशों के बीच आतंकवाद का मुद्दा केवल सुरक्षा का नहीं, बल्कि कूटनीतिक संघर्ष का भी हिस्सा बन चुका है।

कश्मीर के मुद्दे पर भारत ने पाकिस्तान के दावे को अस्वीकार करते हुए जम्मू-कश्मीर को अपना अभिन्न हिस्सा बताया। इसके साथ ही भारतीय प्रतिनिधि ने पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में राजनीतिक असंतोष और कथित मानवाधिकार समस्याओं का मुद्दा उठाया। भारत का तर्क रहा कि यदि कश्मीर की स्थिति पर अंतरराष्ट्रीय मंच पर चर्चा की जा रही है तो पाकिस्तान के नियंत्रण वाले क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की स्थिति की भी चर्चा में शामिल किया जाना चाहिए।

शहबाज शरीफ ने अपने लगभग 23 मिनट के संबोधन में कश्मीर के अलावा 2025 के भारत-पाकिस्तान संघर्ष का भी उल्लेख किया। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के हस्तक्षेप को संघर्ष रोकने में महत्वपूर्ण बताया। साथ ही उन्होंने सिंधु नदी के पानी से जुड़े मुद्दे पर भारत को चेतावनी दी कि पाकिस्तान के हिस्से के पानी को रोकने या मोड़ने की किसी कोशिश को वह गंभीर कदम मानेगा। यह बयान भारत-पाकिस्तान संबंधों में पानी और सुरक्षा के प्रश्न को जोड़ने वाला संकेत रहा।

इसी दौरान विदेश मंत्री एस. जयशंकर से एक पाकिस्तानी पत्रकार ने भारत पर पाकिस्तान में आतंकवाद को प्रायोजित करने का आरोप लगाते हुए सवाल किया। जयशंकर ने इस आरोप पर तीखी प्रतिक्रिया दी और कहा, "एक आतंकवादी देश मुझसे यह सवाल पूछ रहा है?" यह टिप्पणी तत्काल चर्चा में आ गई। हालांकि इस तरह की तीखी बयानबाजी से दोनों देशों के बीच मौजूद राजनीतिक मतभेद तो स्पष्ट होते हैं, लेकिन इससे यह भी पता चलता है कि भारत और पाकिस्तान के बीच आतंकवाद का मुद्दा कितना संवेदनशील बना हुआ है। शहबाज शरीफ से संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय के बाहर



भी पत्रकारों ने आतंकवाद से जुड़े सवाल किए। उपलब्ध रिपोर्टों के अनुसार उनसे आतंकवादी संगठनों को कथित संरक्षण और हाफिज सईद के खिलाफ कार्रवाई जैसे मुद्दों पर सवाल पूछे गए, लेकिन उन्होंने इन सवालों पर कोई विस्तृत सार्वजनिक प्रतिक्रिया नहीं दी। दूसरी तरफ, पाकिस्तान के मंच से भारत पर लगाए गए आरोपों का भारत ने संयुक्त राष्ट्र में विस्तार से जवाब दिया। यह घटनाक्रम बताता है कि कूटनीति में केवल भाषण देना पर्याप्त नहीं होता; अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामने उठाए गए सवालों का जवाब भी महत्वपूर्ण होता है।

इस पूरे विवाद को केवल भारत-पाकिस्तान की राजनीतिक बयानबाजी के रूप में देखना पर्याप्त नहीं होगा। दक्षिण एशिया पहले ही आतंकवाद, सीमा विवाद और सैन्य तनाव की लंबी कीमत चुका चुका है। 2025 में दोनों देशों के बीच सैन्य टकराव ने एक बार फिर यह चिंता बढ़ाई थी कि किसी भी आतंकवादी घटना या सीमा विवाद का असर व्यापक क्षेत्रीय सुरक्षा पर पड़ सकता है। संयुक्त राष्ट्र भी लगातार आतंकवाद और हिंसा के खिलाफ जवाबदेही तथा शांतिपूर्ण समाधान की आवश्यकता पर जोर देता रहा है। ऐसे माहौल में दोनों देशों के लिए चुनौती यह है कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर आरोपों की पुनरावृत्ति से आगे बढ़कर ठोस कदमों पर ध्यान दिया जाए। आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई किसी भी देश की जिम्मेदारी है। यदि किसी संगठन या व्यक्ति पर आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होने के विश्वसनीय आरोप हैं तो जांच, कानूनी कार्रवाई और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के जरिए उन मामलों को आगे बढ़ाया जाना चाहिए। इसी तरह किसी देश पर आतंकवाद प्रायोजित करने का आरोप लगाया जाता है तो उसके समर्थन में प्रमाण और औपचारिक कूटनीतिक प्रक्रिया भी महत्वपूर्ण होती है।

संयुक्त राष्ट्र महासभा का उद्देश्य देशों के बीच संवाद और अंतरराष्ट्रीय सहयोग का मंच उपलब्ध कराना है। भारत और पाकिस्तान के बीच मतभेद पुराने हैं, लेकिन इन मतभेदों का समाधान केवल तीखे भाषणों से संभव नहीं होगा। आतंकवाद, कश्मीर, सीमा सुरक्षा और जल विवाद जैसे मुद्दों पर स्पष्टता, जवाबदेही और संवाद की आवश्यकता बनी रहेगी। भारत का संदेश इस बार भी यही रहा कि आतंकवाद को सामान्य राजनीतिक विवाद की तरह नहीं देखा जा सकता। पाकिस्तान के लिए भी अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपने ऊपर लगे आरोपों का जवाब केवल राजनीतिक वक्तव्यों से नहीं, बल्कि पारदर्शी कार्रवाई से देना महत्वपूर्ण होगा। अंततः किसी देश की विश्वसनीयता उसके भाषणों से अधिक उसके व्यवहार और उठाए गए ठोस कदमों से तय होती है।

## विचार विंडो

# मोबाइल से पैसा उड़ा, बच्चों को बचत कौन सिखाएगा

राम कुमार अग्रवाल

पहले जेब से पैसे निकालने पड़ते थे, फिर उन्हें गिनना पड़ता था और उसके बाद दुकानदार के हाथ में देते समय एक क्षण के लिए, मन भी सोचता था-इतने पैसे चले गए। आज उस सोच का भी डिजिटल भुगतान हो गया है। मोबाइल निकाला, अंगूठा लगाया और पैसा गायब। सामान दरवाजे पर पहुंच गया, लेकिन जेब हल्की होने का एहसास शायद रास्ते में ही कहीं रह गया।

यही डिजिटल सुविधा अब बच्चों की वित्तीय समझ के सामने एक नई चुनौती बनकर खड़ी है। बच्चे उस दौर में बड़े हो रहे हैं, जहां पैसे दिखाई नहीं देते, सिर्फ स्क्रीन पर कुछ अंक कम होते हैं। दस हजार रुपये खर्च करने और दस रुपये खर्च करने की प्रक्रिया कई बार एक जैसी लगती है। अंतर केवल बैंक खाते में दिखता है, बच्चे के अनुभव में नहीं।

फिक्की फ्लो के निवेश संबंधी कार्यक्रम में लेखिका डॉ. आरती गुप्ता ने इसी बदलती आदत पर महत्वपूर्ण बात कही। उनका जोर इस बात पर था कि बच्चों को कम उम्र से ही पैसे की कीमत, खर्च, बचत और निवेश की समझ दी जानी चाहिए। सवाल केवल यह नहीं है कि बच्चा कितना खर्च करता है, बल्कि यह भी है कि क्या उसे यह पता है या नहीं कि पैसा आता कहां से है और उसे कमाने में कितनी मेहनत लगती है।

हमने बच्चों को पढ़ाई के लिए स्कूल भेजने, खेल के लिए मैदान खोजने और मोबाइल चलाने के लिए इंटरनेट देने में कोई कसर नहीं छोड़ी, लेकिन पैसे की भाषा सिखाने का विषय अक्सर घर की बातचीत से बाहर ही रखा। जैसे आय, खर्च और निवेश कोई पारिवारिक राज हो। बच्चे पूछें कि पैसे कहां से आते हैं तो जवाब मिलता है-'पापा कमाते हैं।' बस, वित्तीय शिक्षा का पहला और आखिरी अध्याय समाप्त।

असल समस्या यह है कि बच्चे पैसे से ज्यादा हमारे व्यवहार को देखते हैं। माता-पिता खुद बिना सोचे ऑनलाइन खरीदारी करते हैं, हर सुविधा के लिए तत्काल भुगतान करते हैं और महीने के अंत में बजट का रोना



रोते हैं, तो बच्चा इससे यही सीखेगा कि पैसा खर्च करने की चीज है, समझने की नहीं।

डॉ. गुप्ता ने अपनी 17 वर्षीय बेटी का उदाहरण देते हुए बताया कि उसे बचपन से ही पैसे को लेकर छोटे फैसले लेने की स्वतंत्रता दी गई। शगुन या अन्य माध्यम से मिले पैसे को खर्च करना है, बचाना है, किसी के साथ साझा करना है या निवेश करना है-इन विकल्पों पर उसे सोचने का अवसर दिया गया। यही असली वित्तीय शिक्षा है। हर बच्चे को शेयर बाजार का विशेषज्ञ बनाना जरूरी नहीं, लेकिन उसे यह समझना जरूरी है कि हर इच्छा तत्काल पूरी करना जरूरी नहीं होती।

500 रुपये की कीमत समझाने का उदाहरण भी ध्यान खींचता है। घर में काम करने वाली महिला कई घंटे मेहनत करके यह रकम कमाती है। बच्चे के लिए 500 रुपये शायद ऑनलाइन खेल की खरीदारी या किसी छोटी इच्छा की रकम हो सकती है, लेकिन किसी मेहनतकश व्यक्ति के लिए वही रकम कई घंटे की मेहनत का परिणाम है। बच्चों को यह अंतर समझाना जरूरी है। पैसे की कीमत नोट के रंग या सिक्के के आकार से नहीं, उसके पीछे लगी मेहनत से समझ आती है।

लेकिन यहां एक और बड़ा सवाल है-क्या वित्तीय शिक्षा की जिम्मेदारी सिर्फ परिवार की है? स्कूलों में बच्चों को गणित के जटिल सवाल हल कराए जाते हैं, लेकिन रोजमर्रा के बजट, बैंकिंग, डिजिटल भुगतान, बचत, ब्याज और निवेश जैसे विषय अक्सर किताबी जानकारी तक सीमित रहते हैं। जिस दुनिया में बच्चा कम उम्र में डिजिटल लेन-देन कर रहा है, वहां वित्तीय साक्षरता को जीवन कौशल की तरह देखना होगा।

महिलाओं की आर्थिक भागीदारी का प्रश्न भी इससे जुड़ा है। यदि घर में आर्थिक फैसलों को केवल पुरुषों का विषय मान लिया जाए तो बेटियों के सामने भी वही अदृश्य सीमा खड़ी हो जाती है। आर्थिक आत्मनिर्भरता केवल नौकरी करने से नहीं आती; अपने पैसे के बारे में निर्णय लेने का आत्मविश्वास भी उसका हिस्सा है।

सबसे दिलचस्प बात यह है कि बच्चों को वित्तीय समझ देने के लिए अलग से भारी-भरकम पाठ्यक्रम की जरूरत नहीं। उन्हें छोटे फैसले लेने दीजिए। जेबखर्च का हिसाब रखने दीजिए। किसी वस्तु को खरीदने से पहले कीमत और जरूरत पर सोचने दीजिए। बचत का लक्ष्य बनाने दीजिए। गलती होगी तो होने दीजिए, क्योंकि छोटी उम्र की छोटी आर्थिक गलती बड़ी उम्र की बड़ी आर्थिक भूल से कहीं सस्ती होती है।

आज डिजिटल भुगतान ने पैसे को अदृश्य जरूर कर दिया है, लेकिन उसकी कीमत खत्म नहीं की। समस्या यह है कि हमारी स्क्रीन पर पैसा केवल संख्या बन गया है और बच्चों के लिए वह संख्या खेल जैसी लग सकती है।

इसलिए असली जरूरत बच्चों को पैसा खर्च करने से रोकने की नहीं, पैसा समझने की है। उन्हें यह बताना होगा कि हर 'क्लिक' के पीछे किसी की कमाई, किसी की मेहनत और किसी परिवार का बजट जुड़ा होता है। माता-पिता यदि खुद आर्थिक फैसलों में जिम्मेदारी दिखाएंगे तो बच्चे भी सीखेंगे। आखिर बच्चों को वित्तीय अनुशासन का सबसे बड़ा पाठ स्कूल की किताब नहीं, घर की आदतें पढ़ाती हैं।

# भारत ने कबड्डी में जीते दो गोल्ड

### महिला और पुरुष टीमों ने ईरान को हराकर रचा इतिहास

### स्क्वॉश में दो फाइनलिस्ट, मैराथन में 44 साल बाद पदक



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** एशियन गेम्स में भारत के लिए शनिवार का दिन उपलब्धियों से भरा रहा। भारत ने एक ही दिन कबड्डी में महिला और पुरुष दोनों वर्गों में गोल्ड मेडल जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। महिला टीम ने फाइनल में ईरान को 37–34 से हराया, जबकि पुरुष टीम ने भी ईरान को 40–34 से मात देकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। पुरुष कबड्डी टीम ने एशियन गेम्स में लगातार 10वीं बार पदक जीता, जबकि महिला टीम लगातार पांचवें एशियाड में मेडल हासिल करने में सफल रही। पुरुष कबड्डी फाइनल में भारतीय टीम को शुरुआत में कड़ी चुनौती मिली। ईरान ने पहले हाफ के आखिरी हिस्से में बढ़त बना ली और ब्रेक तक भारत 17–18 से पीछे था। दूसरे हाफ की शुरुआत में भी ईरान ने दबाव बनाए रखा, लेकिन भारतीय खिलाडियों ने धीरे–धीरे मुकाबले की दिशा बदलनी शुरू कर दी। सुमित ने डिफेंस में कई अहम टैकल किए, जबकि अर्जुन देशवाल ने रेडिंग में महत्वपूर्ण अंक जुटाए। स्कोर 21–21 से बराबर होने के बाद भारत ने बढ़त बनानी शुरू की और आखिर में 40–34 से मुकाबला अपने नाम कर लिया। महिला कबड्डी टीम का फाइनल भी बेहद रोमांचक रहा। भारत ने मुकाबले में कई बार बढ़त बनाई, लेकिन ईरान की टीम लगातार वापसी की कोशिश करती रही। आखिरी मिनटों में भारतीय डिफेंस ने संयम बनाए रखा और ईरान को 37–34 से हराकर गोल्ड मेडल जीत लिया। कबड्डी के अलावा स्क्वॉश में भी भारत के लिए बड़ा दिन रहा। 18 वर्षीय अनाहत सिंह ने महिला सिंगल्स के सेमीफाइनल में जापान की वर्ल्ड नंबर–6 सातोमी वतनाबे को 3–2 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। अनाहत मुकाबले में एक समय 0–2 से पीछे थीं, लेकिन उन्होंने शानदार वापसी करते हुए अगले तीन गेम जीत लिए। वहीं अभय सिंह ने पाकिस्तान के मुहम्मद इरफान को सीधे 3–0 से हराकर पुरुष सिंगल्स के फाइनल में प्रवेश किया। एथलेटिक्स में सावन बरवाल ने पुरुष मैराथन में सिल्वर मेडल जीतकर भारत के लिए एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की। उन्होंने 2 घंटे 11 मिनट 37 सेकंड का समय निकाला। एशियन गेम्स की पुरुष मैराथन में भारत को 44 साल बाद पदक मिला है। इससे पहले 1982 के दिल्ली एशियन गेम्स में भारत ने इस स्पर्धा में ब्रॉन्ज जीता था। शूटिंग में भी भारतीय टीम ने सिल्वर मेडल जीता। महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन टीम स्पर्धा में आशी चौकसे, तिलोत्तमा सेन और विदार्शा विनोद की भारतीय टीम दूसरे स्थान पर रही। वहीं तिलोत्तमा सेन और विदार्शा विनोद ने व्यक्तिगत फाइनल में भी जगह बनाई। हॉकी में डिफेंडिंग चैंपियन भारतीय पुरुष टीम ने मेजबान जापान को 2–0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। यह ग्रुप स्टेज में भारत की लगातार चौथी जीत रही। इससे पहले टीम ने इंडोनेशिया को 13–1, श्रीलंका को 16–1 और दक्षिण कोरिया को 8–2 से हराया था। बैडमिंटन में उन्नति हुड्डा ने इंडोनेशिया की वर्ल्ड नंबर–6 पुत्री कुसुमा वारदानी को 21–19, 21–13 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। गायत्री गोपीचंद और त्रिसा जॉली की जोड़ी ने भी जापान की जोड़ी को हराकर अंतिम–8 में प्रवेश किया।

# चोट ने रोका हार्दिक पांडया का रास्ता




### दाहिने पैर की हड्डी में लगी चोट, कम से कम तीन हफ्ते मैदान से रहेंगे दूर

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम को न्यूजीलैंड दौरे से पहले बड़ा झटका लगा है। स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांडया चोटिल होने की वजह से आगामी न्यूजीलैंड दौरे से बाहर हो गए हैं। भारतीय टीम को अक्टूबर में न्यूजीलैंड का दौरा करना है, जहां 22 अक्टूबर से टी20 सीरीज शुरू होगी। इस दौरे पर भारत को 5 टी20, 3 वनडे और 2 टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है। हार्दिक को ऑस्ट्रेलिया–ए के खिलाफ अनऑफिशियल वनडे सीरीज के लिए टीम में चुना गया था, लेकिन दाहिने पैर की हड्डी में चोट के कारण वह इस सीरीज से भी बाहर हो गए हैं।

पीटीआई के मुताबिक, हार्दिक को कम से कम तीन सप्ताह तक प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से दूर रहना होगा। बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया कि हालिया स्कैन में उनके दाहिने पैर की हड्डी में चोट सामने आई है और उन्हें करीब दो सप्ताह पूर्ण आराम की सलाह दी गई है। बीसीसीआई मेडिकल पैनल के प्रमुख डॉ. दिनशॉ पारदीवाला उनकी रिपोर्ट देखने के बाद आगे के रिहैबिलिटेशन पर फैसला करेंगे। हार्दिक ने अपना पिछला अंतरराष्ट्रीय मुकाबला टी20 वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल में खेला था। इससे पहले अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज से ठीक पहले अभ्यास के दौरान घुटने में दर्द के कारण वह फिटनेस टेस्ट पास नहीं कर सके थे।

# फिल्म 'द पैराडाइज' की कमाई 69 करोड़ के पार

### शनिवार को भी 'द पैराडाइज' की बढ़त कायम सिद्धार्थ–तमन्ना की 'द वन' की कमाई 13 करोड़ के पार



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** शनिवार यानी 26 सितंबर को शाम 5 बजे तक सामने आए आंकड़ों के मुताबिक 'द पैराडाइज' ने अपनी बढ़त बरकरार रखी है। नानी की फिल्म ने शनिवार को अब तक 8.04 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन किया है। इसके साथ ही फिल्म का कुल कलेक्शन 69.19 करोड़ रुपये पहुंच गया है। शनिवार को इसकी ऑक्यूपेंसी 27.3 प्रतिशत दर्ज की गई। 'द पैराडाइज' 24 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म ने पेड प्रीव्यू में 11.60 करोड़ रुपये कमाए थे, जबकि पहले दिन इसका कलेक्शन 34.65 करोड़ रुपये रहा। दूसरे दिन यानी शुक्रवार को फिल्म की कमाई में 50 फीसदी से ज्यादा की गिरावट आई और इसने 14.90 करोड़ रुपये का कारोबार किया। वहीं 'द वन' की बात करें तो पौराणिक लोक कथाओं पर आधारित इस फिल्म ने रिलीज के पहले दिन 8 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन किया था, जबकि इसकी ग्रॉस कमाई 9.20 करोड़ रुपये रही। शनिवार को शाम 5 बजे तक फिल्म ने 5.66 करोड़ रुपये कमाए हैं।

इसके साथ ही 'द वन' का कुल नेट कलेक्शन 13.66 करोड़ रुपये हो गया है। फिल्म की शनिवार की ऑक्यूपेंसी 27 प्रतिशत रही।

फिल्म का निर्देशन दीपक कुमार मिश्रा ने किया है। इसमें सिद्धार्थ मल्होत्रा और तमन्ना भाटिया के अलावा अनूप सोनी, श्वेता तिवारी, मनीष पॉल और सुनील ग्रोवर अहम भूमिकाओं में हैं। वहीं 'द पैराडाइज' नानी और श्रीकांत ओडेला की 'दसारा' के बाद दूसरी साथ की फिल्म है। फिल्म को सुधाकर चेरुकुरी ने प्रोडयूस किया है।

# 'महाकाव्य श्री रामायण कथा' के पोस्टर पर मचा बवाल

### वायरल तस्वीर देखकर यूजर्स ने मेकर्स से पूछा क्या त्रेता युग में भी लोग चश्मा लगाते थे?




**यूनिक समय, नई दिल्ली।** अंजलि अरोड़ा और देव शर्मा स्टारर फिल्म 'महाकाव्य श्री रामायण कथा' रिलीज के बाद एक बार फिर सोशल मीडिया पर चर्चा में है। 25 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई इस फिल्म की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है, जिसमें सुग्रीव की वानर सेना का एक वानर चश्मा पहने नजर आ रहा है। तस्वीर सामने आने के बाद सोशल मीडिया यूजर्स फिल्म के मेकर्स को जमकर ट्रोल कर रहे हैं और इस तस्वीर को बड़ी चूक बता रहे हैं। वायरल पोस्टर में वानर की आंखों पर चश्मा साफ दिखाई दे रहा है। इसे देखकर कई यूजर्स सवाल कर रहे हैं कि त्रेता युग में चश्मा कैसे हो सकता है। एक यूजर ने लिखा कि उसने पहली बार त्रेता युग में किसी को चश्मा पहने देखा है, जबकि दूसरे यूजर ने सवाल किया कि क्या यह वानर टाइम ट्रैवल करके उस दौर में पहुंचा था। फिल्म को लेकर इससे पहले भी कई तरह के सवाल उठ चुके हैं।

फिल्म की घोषणा के समय सीता के किरदार में अंजलि अरोड़ा की कास्टिंग को लेकर सोशल मीडिया पर प्रतिक्रियाएं सामने आई थीं।

# विक्की कौशल का 'लव एंड वॉर' से धांसू फर्स्ट लुक आया सामने

### रणबीर–आलिया के बाद मेकर्स ने जारी किया पोस्टर

### 21 जनवरी 2027 को रिलीज होगी फिल्म




**यूनिक समय, नई दिल्ली।** संजय लीला भंसाली की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'लव एंड वॉर' से विक्की कौशल का पहला लुक सामने आ गया है। रणबीर कपूर और आलिया भट्ट के फर्स्ट लुक के बाद अब मेकर्स ने विक्की का विंटेज स्टाइल पोस्टर जारी किया है, जिसमें उनका अलग और दमदार अंदाज देखने को मिल रहा है। पोस्टर में विक्की विंटेज हेयरकट और मूंछों में नजर आ रहे हैं। उनके चेहरे पर चोट के निशान हैं और हाथ में सिगरेट के साथ वह लाइटर से उसे जलाते दिखाई दे रहे हैं। उनकी गुस्से से भरी नजरें पोस्टर को और प्रभावशाली बना रही हैं। विक्की कौशल ने पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, 'नजरें मिलेंगी, लेकिन हटेंगी नहीं!' पोस्टर सामने आते ही सोशल मीडिया पर चर्चा शुरू हो गई। आलिया भट्ट ने कमेंट में फायर इमोजी शेयर किया, जबकि सोनम कपूर ने भी रिएक्शन दिया। इससे पहले रणबीर कपूर को विंटेज स्पोर्ट्स कार में और आलिया भट्ट को रेट्रो कैबरे अंदाज में दिखाया गया था। फिल्म एक रोमांटिक वॉर ड्रामा है और 21 जनवरी 2027 को हिंदी, तमिल और तेलुगु में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# भारत की एशियन गेम्स में गोल्ड बचाने की कोशिश




### नागोया पहुंची टीम इंडिया, अब अफगानिस्तान के खिलाफ क्वार्टर फाइनल पर नजर

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम एशियन गेम्स में अपने अभियान के लिए शनिवार को जापान के नागोया पहुंच गई। टीम इंडिया ने टोक्यो से नागोया तक का सफर जापान की हाई–स्पीड बुलेट ट्रेन से किया। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने खिलाड़ियों की यात्रा की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। अब टीम का पूरा ध्यान एशियन गेम्स के क्वार्टर फाइनल मुकाबले पर है, जहां 28 सितंबर को भारत का सामना अफगानिस्तान से होगा। यह मुकाबला सुबह 10:30 बजे खेला जाएगा। भारतीय टीम इस टूर्नामेंट में अपने पिछले प्रदर्शन को दोहराने के इरादे से उतरेगी। पिछले एशियन गेम्स में भारत ने गोल्ड मेडल जीता था और इस बार श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली टीम उस खिताब को बरकरार रखने के लिए मैदान पर उतरेगी। एशियन गेम्स के लिए भारतीय टीम को मजबूत माना जा रहा है और टीम की कमान श्रेयस अय्यर के हाथों में है, जबकि पूर्व दिग्गज क्रिकेटर वीवीएस लक्ष्मण हेड कोच की भूमिका में हैं। भारत ने टूर्नामेंट से पहले टोक्यो में जापान के खिलाफ एकमात्र टी20 मैच भी खेला था, जिसमें टीम ने रोमांचक मुकाबले में जापान को दो रन से हराया था।

अब भारतीय टीम उसी लय को आगे बढ़ाते हुए एशियन गेम्स में जीत के साथ शुरुआत करना चाहेगी। मेंस क्रिकेट टूर्नामेंट अब नॉकआउट दौर में पहुंच चुका है। ग्रुप–ए से नेपाल और अफगानिस्तान ने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई है, जबकि जापान का सफर समाप्त हो गया। बारिश के कारण नेपाल और जापान का मुकाबला रद्द हुआ, जिसके बाद नेपाल तीन अंकों के साथ ग्रुप में शीर्ष पर रहा।

# अजय देवगन ने साफ किया जुहू बीच

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन गणपति विसर्जन के बाद मुंबई के जुहू बीच पर सफाई अभियान में शामिल हुए। उन्होंने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की पत्नी और 'दिव्यज फाउंडेशन' की फाउंडर अमृता फडणवीस के साथ 'सी शोर शाइन 2026' कैंपेन में हिस्सा लिया। इस दौरान अजय देवगन अन्य वॉलंटियर्स के साथ समुद्र तट पर मौजूद कचरा इकट्ठा करते नजर आए। अभियान के दौरान अभिनेता ने कहा कि जिस तरह लोग अपने घर को साफ रखते हैं, उसी तरह देश, शहर और समुद्रों को साफ रखना भी उनकी जिम्मेदारी है। उन्होंने नागरिकों से अपने आसपास की जगहों को स्वच्छ रखने की अपील की और कहा कि हर व्यक्ति थोड़ी–सी कोशिश करे तो मिलकर बड़ा बदलाव किया जा सकता है।

# विराट कोहली ने खुद से किए वादे का किया खुलासा

### चाहे इसके लिए कुछ भी करना पड़े, मकसद वर्ल्ड कप जीतना



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने अगले साल होने वाले वनडे वर्ल्ड कप को लेकर बड़ा बयान दिया है। कोहली ने साफ कहा कि उनका लक्ष्य वर्ल्ड कप जीतना है और इसके लिए वह पूरी तरह तैयारियों पर ध्यान दे रहे हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ 27 सितंबर से शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज से पहले जियो हॉटस्टार को दिए इंटरव्यू में कोहली ने कहा कि यह भारत के लिए उनका आखिरी वर्ल्ड कप होगा और उनका मकसद इसे जीतना है, चाहे इसके लिए कुछ भी करना पड़े। टेस्ट और टी20 क्रिकेट से संन्यास के बाद अपने खेल में आए बदलाव को लेकर कोहली ने कहा कि उन्होंने खुद से वादा किया है कि अब वह ज्यादा खुलकर खेलेंगे। उन्होंने कहा कि वह लोगों की उनसे जुड़ी उम्मीदों की चिंता नहीं करेंगे और अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान देंगे। कोहली ने यह भी बताया कि लंबे समय तक उनकी भूमिका टीम में चीजों को स्थिर बनाए रखने की रही है। हालांकि, परिस्थितियों के मुताबिक बल्लेबाजी करना भी जरूरी होता है, खासकर मुश्किल पिचों पर। टीम इंडिया के मौजूदा वनडे कप्तान शुभमन गिल की कप्तानी पर भी कोहली ने अपनी राय रखी। उन्होंने कहा कि गिल अभी कप्तानी के गुण सीख रहे हैं ।

# यूपी में बारिश का कहर, 117 मकान ढहे, 15 की मौत

## 48 घंटे की मूसलाधार बारिश से कई जिलों में तबाही



कच्चे मकान की दीवार गिरने से एक ही परिवार के मोहन कश्यप, उनकी पत्नी कविता और छह वर्षीय बेटे अनिल की मलबे में दबकर मौत हो गई। अमेठी में दीवार गिरने से ऊषा देवी की जान चली गई। बाराबंकी में कच्ची दीवार ढहने से सुनीता देवी की मौत हुई, जबकि पेड़ गिरने से दूध कारोबारी संजय वर्मा की भी जान चली गई। फतेहपुर में करीब 10 कच्चे मकान ढह गए। एक हादसे में दो भाई मलबे में दब गए, जिसमें आठ वर्षीय बच्चे की मौत हो गई और उसका 11 वर्षीय भाई घायल हो गया। लखनऊ के पुराने शहर में हुसैनाबाद के ऐतिहासिक गेट का हिस्सा भी गिर गया। लखनऊ में 21 घंटे में 125.8 मिमी बारिश दर्ज हुई। राहत आयुक्त के अनुसार, 63 जिलों में सामान्य से अधिक बारिश हुई है। फर्रुखाबाद में सामान्य से 200 गुना और कानपुर नगर में 160 गुना अधिक वर्षा दर्ज की गई। उन्नाव के गंगा एक्सप्रेसवे पर जलभराव से यातायात प्रभावित हुआ। मौसम विभाग ने कई इलाकों में भारी बारिश और तेज हवाओं का अनुमान जताया है।

**यूनिक समय, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पिछले 48 घंटे से जारी तेज बारिश ने कई जिलों में जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। बारिश और तेज हवाओं से 117 मकान ढह गए, जबकि अलग-अलग हादसों में 15 लोगों की मौत हो गई। कई स्थानों पर पेड़ और बिजली के पोल गिरने से आवागमन और बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई है। खेतों में खड़ी फसलों को भी नुकसान पहुंचा है। लखीमपुर खीरी के रहमत नगर में

# व्हाट्सएप पर आया गैस बिल क्लिक करते ही खाली हुआ खाता

## एपीके फाइल खोलते ही मोबाइल पर साइबर अपराधियों की नजर

## छह दिन बाद छह बार में निकाले 2.54 लाख रुपये

**यूनिक समय, आगरा।** आगरा के न्यू लॉयर्स कॉलोनी में रहने वाले एक अधिवक्ता को व्हाट्सएप पर ग्रीन गैस बिल जमा करने का संदेश मिला। संदेश के साथ भेजी गई एपीके फाइल को खोलना उन्हें भारी पड़ गया। फाइल खोलने के छह दिन बाद साइबर अपराधियों ने उनके बैंक खाते से छह बार में 2.54 लाख रुपये निकाल लिए। पीड़ित की शिकायत पर न्यू आगरा थाने में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। अधिवक्ता राजेश कुमार परिहार के अनुसार, 17 जुलाई की शाम करीब छह बजे अनजान नंबर से व्हाट्सएप पर ग्रीन गैस का बिल जमा करने का संदेश और एपीके फाइल आई थी। उन्होंने फाइल खोलकर बिल देखा और इसके बाद दूसरे काम में व्यस्त हो गए। 23 सितंबर की सुबह करीब 10 बजे मोबाइल पर खाते से रकम निकलने के लगातार संदेश आने लगे। बैंक पहुंचने पर पता चला कि उनके खाते से रकम दूसरे खातों में भेजी जा रही थी। इसके बाद उन्होंने तत्काल बैंक से लेनदेन रुकवाया और साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत की। डीसीपी साइबर क्राइम आदित्य सिंह ने बताया कि एपीके फाइल के जरिये मोबाइल हैक कर कई दिन तक पीड़ित की गतिविधियों पर नजर रखने के मामले सामने आ रहे हैं। पुलिस ने लोगों से अनजान नंबर से आए लिंक या एपीके फाइल को क्लिक नहीं करने की अपील की है। गलती से फाइल खुल जाए, तो मोबाइल को री-स्टोर व अपडेट कर तुरंत साइबर हेल्पलाइन और पुलिस को सूचना दें।

# पाकिस्तान ने गड़बड़ की तो ब्रह्मोस से देंगे जवाब: ब्रजेश पाठक

## वीरों की धरती के युवाओं ने हर चुनौती का किया मुकाबला

**यूनिक समय, गाजीपुर।** गाजीपुर के लंका मैदान में शनिवार को आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य शिविर के उद्घाटन के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने पाकिस्तान को लेकर बयान दिया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने किसी भी तरह की गड़बड़ी की तो ब्रह्मोस मिसाइल से उसे नेस्तनाबूद कर दिया जाएगा। डिप्टी सीएम ने गाजीपुर के इतिहास और यहां के वीरों का जिक्र करते हुए कहा कि आजादी की लड़ाई, 1857 की क्रांति और पड़ोसी देशों के साथ हुए संघर्षों में जिले के लोगों ने देश का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि गाजीपुर के युवाओं और वीरों ने हर चुनौती का डटकर सामना किया है। पाठक ने प्रदेश की कानून-व्यवस्था का भी जिक्र किया। उन्होंने गुंडे-माफिया को चेतावनी देते हुए कहा कि उन्हें अपना पुराना दौर याद कर लेना चाहिए। उनके अनुसार, भाजपा सरकार ने उत्तर प्रदेश में भयमुक्त समाज देने का काम किया है। स्वास्थ्य शिविर को लेकर उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में ऐसे आयोजन किए जा रहे हैं, ताकि सरकारी योजनाओं से अब तक वंचित जरूरतमंद लोगों को उनका लाभ दिलाया जा सके। उन्होंने कहा कि गाजीपुर के लोगों को बेहतर इलाज के लिए दूसरे शहरों में न जाना पड़े, इसके लिए स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत किया जा रहा है। शिविर में मरीजों की जांच कर रही मेडिकल टीम की भी उन्होंने सराहना की।

# आचार्य प्रमोद कृष्णम को बम से उड़ाने की धमकी



## धमकी भरे ऑडियो संदेश में रॉकेट लॉन्चर से हमला करने की बात

## आचार्य ने यूपी पुलिस पंजाब पुलिस और गृह मंत्रालय को दी जानकारी

**यूनिक समय, संभल।** संभल स्थित श्री कल्कि धाम के पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम को जान से मारने की धमकी मिलने का मामला सामने आया है। आचार्य के मुताबिक, उन्हें दो ऑडियो कॉल के जरिए धमकी दी गई। कॉल करने वाले ने अपना नाम कुलबीर सिंह सिद्धू बताया। आचार्य ने कहा कि उन्हें पहले भी इस तरह के धमकी भरे कॉल आ चुके हैं, जिन्हें उन्होंने गंभीरता से लेते हुए पुलिस को जानकारी दी है। आचार्य प्रमोद कृष्णम ने बताया कि कुछ दिनों से उन्हें अंतरराष्ट्रीय और अनट्रेसेबल नंबरों से कॉल आ रही थीं। उन्होंने ज्यादातर कॉल रिसीव नहीं कीं। करीब दो-तीन दिन पहले उन्हें पंजाबी भाषा में एक ऑडियो संदेश मिला, जिसमें बम से उड़ाने और रॉकेट लॉन्चर से हमला करने की धमकी दी गई। उन्होंने ऑडियो और नंबर यूपी पुलिस के साथ साझा किए हैं। साथ ही गृह मंत्रालय और पंजाब पुलिस को भी ईमेल के जरिए जानकारी भेजी है। आचार्य ने कहा कि श्री कल्कि धाम के निर्माण के लिए उनका पूरा जीवन समर्पित है और वह अपना काम करते रहेंगे। उन्होंने हिंदू और सिख समुदायों के बीच भाईचारे की बात रखते हुए कहा कि दोनों को अलग करने की कोशिश नहीं होनी चाहिए।

# वाराणसी में झमाझम बारिश काले बादलों ने डाला डेरा

**यूनिक समय, वाराणसी।** वाराणसी में शनिवार को मौसम ने अचानक करवट ली। सुबह से आसमान में काले बादल छाए रहे और दोपहर होते-होते झमाझम बारिश शुरू हो गई। तेज हवाओं के साथ हुई बारिश से लहरतारा, चांदपुर समेत शहर के कई इलाकों में जलभराव हो गया। पिछले तीन दिनों से काशी में रुक-रुककर बारिश का सिलसिला जारी है, जिससे लोगों को ठंडक और सिहरन महसूस होने लगी है। शुक्रवार को भी 61 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से पुरवा हवाएं चली थीं। मौसम विभाग की भारी बारिश की चेतावनी को देखते हुए जिले में 12वीं तक के सभी स्कूल बंद कर दिए गए हैं। प्रशासन ने लोगों से मौसम को देखते हुए सतर्क रहने की अपील की है।

# 27 साल की मेहनत लाई रंग 59 की उम्र में बने सरकारी टीचर



## 6 बार टीजीटी और 4 बार पीजीटी परीक्षा पास की, 8 बार इंटरव्यू दिया

## इस बार बिना इंटरव्यू चयन से पूरा हुआ सपना

**यूनिक समय, बागपत।** बागपत के बड़ौत क्षेत्र के बड़वाड़ गांव निवासी विजय कुमार शर्मा ने 59 साल की उम्र में सरकारी शिक्षक बनने का अपना सपना पूरा कर लिया। करीब 27 साल तक लगातार सरकारी नौकरी की तैयारी करने के बाद उनका चयन शामली के एक सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय में टीजीटी संस्कृत शिक्षक के पद पर हुआ है। 22 सितंबर को लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपा। विजय कुमार शर्मा का सरकारी नौकरी पाने का सफर आसान नहीं रहा। वर्ष 1999 से वह लगातार प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते रहे। इस दौरान उन्होंने 6 बार टीजीटी और 4 बार पीजीटी की लिखित परीक्षा पास की, जबकि करीब 8 बार इंटरव्यू भी दिया। इसके बावजूद अंतिम चयन नहीं हो सका। हर असफलता के बाद उन्होंने दोबारा किताबें उठाईं और तैयारी में जुट गए। खास बात यह रही कि सरकारी नौकरी की तैयारी के साथ उन्होंने करीब 26 साल निजी स्कूलों में शिक्षक के रूप में काम किया। उन्होंने विवेकानंद विद्यापीठ और दून पब्लिक स्कूल में हिंदी और संस्कृत पढ़ाई। उनके पिता भी शिक्षक थे। विजय कुमार के दो बेटे उत्तर प्रदेश पुलिस में कार्यरत हैं, जबकि उनकी एक बेटी का भी शिक्षण पद पर चयन हुआ है और वह प्रतीक्षा सूची में है। 59 साल की उम्र में मिली नियुक्ति उनके लिए सिर्फ नौकरी नहीं, बल्कि 27 वर्षों के संघर्ष और धैर्य की मंजिल है।

# 85 बार चोरी करते दिखा अविनाश, चैट में कैश के बंडलों का जिक्र

## राम मंदिर चढ़ावा प्रकरण में चार्जशीट का खुलासा, 700 बैंक खातों की जांच

## चंपत राय के नाम निजी खाता नहीं मिला



**यूनिक समय, अयोध्या।** अयोध्या के राम मंदिर में चढ़ावे की रकम की कथित चोरी के मामले में पुलिस की ओर से अदालत में दाखिल चार्जशीट में कई अहम खुलासे हुए हैं। चार्जशीट के मुताबिक, सीसीटीवी फुटेज में आरोपी अविनाश शुक्ला उर्फ शनि कुल 85 बार चढ़ावे की रकम चोरी करते और चार बार अन्य आरोपियों की मदद करते दिखाई दिया। जांच में 25 से 30 जुलाई 2026 के सीसीटीवी फुटेज का भी उल्लेख किया गया है। चार्जशीट में अन्य आरोपियों की भूमिका का भी ब्योरा दिया गया है। करुणेश पांडेय दो बार चोरी और 68 बार सह-अभियुक्तों की मदद करते दिखाई दिए, जबकि मनीष कुमार यादव 16 बार चढ़ावे की रकम अपने पास रखते और 19 बार अन्य आरोपियों का सहयोग करते दिखे। लवकुश मिश्रा एक बार चोरी और 52 बार अन्य आरोपियों की मदद करते दिखाई दिए।
वहीं अनुकल्प मिश्रा 56 बार अन्य आरोपियों को चढ़ावे की रकम हटाने में सहयोग करते नजर आए। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपियों के मोबाइल डाटा और कॉल डिटेल रिकॉर्ड को भी खंगाला। चार्जशीट के अनुसार, अनुकल्प मिश्रा के मोबाइल से अविनाश शुक्ला उर्फ शनि और लवकुश मिश्रा के साथ चढ़ावे की रकम को लेकर किए गए टेक्स्ट संदेश मिले। इन संदेशों में कैश के बंडलों को रखने, छिपाने, अदला-बदली करने और इधर-उधर ले जाने से संबंधित बातचीत का उल्लेख है। पुलिस ने सीडीआर में आरोपियों के बीच लगातार संपर्क मिलने का दावा भी किया है। चार्जशीट में सीसीटीवी, डिजिटल, मौखिक और परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर आपसी समन्वय और आपराधिक षड्यंत्र के साक्ष्य मिलने की बात कही गई है। हालांकि, ये अभियोजन पक्ष के आरोप हैं और अंतिम निर्णय अदालत में साक्ष्यों के परीक्षण के बाद होगा। जांच में पुलिस ने करीब 700 बैंक खातों की पड़ताल भी की।
इनमें ट्रस्टियों, आरोपियों, संदिग्धों, गणना कर्मियों और ट्रस्ट से जुड़े कर्मचारियों के खातों के लेनदेन की जांच की गई। चार्जशीट के मुताबिक, इस पूरी जांच में चंपत राय के नाम कोई निजी बैंक खाता नहीं मिला। पुलिस ने संदिग्धों के खातों में रकम की आवाजाही और आरोपियों से उनके संभावित संबंधों की भी पड़ताल की। वहीं चार्जशीट दाखिल होने के बाद अधिवक्ता संघ ने विवेचना को लेकर सवाल उठाए और कुछ लोगों को आरोपी न बनाए जाने पर आपत्ति दर्ज कराई।

# सीईसी पर घमासान, पीएम बनाने के तंज से चढ़ा सियासी पारा

### मुख्य चुनाव आयुक्त पर भाजपा-कांग्रेस आमने सामने, बयानबाजी तेज

### भाजपा ने पद्म भूषण की पैरवी की, कांग्रेस ने पीएम बनाने पर कसा तंज

### एसआईआर विवाद के बीच चुनाव आयोग को लेकर विपक्ष का विरोध जारी




**यूनिक समय, नई दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार को लेकर भाजपा और कांग्रेस के बीच बयानबाजी तेज हो गई है। पश्चिम बंगाल भाजपा अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने कुमार को राज्य में शांतिपूर्ण विधानसभा चुनाव कराने और मतदाता सूची के पुनरीक्षण में भूमिका के लिए कम से कम पद्म भूषण दिए जाने की बात कही। भट्टाचार्य ने दावा किया कि पश्चिम बंगाल में लंबे समय बाद मतदाताओं ने बिना डर के मतदान किया और चुनाव के दौरान हिंसा व हत्या की घटनाएं नहीं हुईं। उन्होंने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के जरिए कथित अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों के नाम हटाने का भी दावा किया। ये दावे भाजपा नेता के हैं। इसके जवाब में कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने तंज कसते हुए कहा कि ज्ञानेश कुमार के लिए पद्म भूषण छोटी चीज है, उन्हें प्रधानमंत्री बना देना चाहिए। कांग्रेस इससे पहले कुमार के इस्तीफे और उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदर्शन भी कर चुकी है।

विवाद के केंद्र में चुनाव आयोग की एसआईआर प्रक्रिया और उसके फैसलों को लेकर उठे सवाल भी हैं। द इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, दो चुनाव आयुक्तों ने एसआईआर से जुड़े कुछ फैसलों पर आपत्तियां जताई थीं। विपक्ष ने इसी मुद्दे को लेकर सीईसी को हटाने की मांग उठाई है। इस बीच विपक्षी दलों में चुनाव आयोग और एसआईआर को लेकर आगे की रणनीति पर चर्चा जारी है। कांग्रेस सहित कई विपक्षी दल इस मुद्दे पर संयुक्त बैठक की मांग कर रहे हैं।

# नागालैंड में जहरीली शराब ने मचाया मौतों का तांडव

### दो जिलों में दो दिन के भीतर 19 लोगों की मौत

### 19 लोग गिरफ्तार छापेमारी में तीन हजार बोतलें बरामद




**यूनिक समय, नई दिल्ली।** नागालैंड में संदिग्ध जहरीली शराब पीने से दो दिनों में 19 लोगों की मौत हो गई। मोकोकचुंग जिले में आठ और तुएनसांग में 11 लोगों की जान गई। पुलिस के मुताबिक शराब पीने के बाद कुछ लोगों को सांस लेने में परेशानी हुई, जिसके बाद उनकी मौत हो गई।

घटना के बाद पुलिस ने दोनों जिलों में कई स्थानों पर छापेमारी कर 19 लोगों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान करीब तीन हजार शराब की बोतलें जब्त की गईं। मामले की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित किया गया है। शराब के नमूने फोरेंसिक जांच के लिए गुवाहाटी भेजे गए हैं। पुलिस का कहना है कि मौतों की वास्तविक वजह जांच रिपोर्ट आने के बाद स्पष्ट होगी। एसआईटी शराब की बिक्री के साथ उसकी आपूर्ति करने वाले लोगों और पूरी श्रृंखला की भी जांच करेगी। पुलिस ने लोगों से बिना लेबल या संदिग्ध शराब का सेवन नहीं करने की अपील की है।

नागालैंड में 1990 से शराबबंदी कानून लागू है। इससे पहले 14 सितंबर को तुएनसांग में संदिग्ध जहरीली शराब से नौ लोगों की मौत हुई थी।

## अजगर पकड़ा काटकर पकाया और खा गए तीन दोस्त



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** केरल के त्रिशूर जिले में अजगर का शिकार कर उसका मांस पकाकर खाने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वन अधिकारियों के मुताबिक, मन्नामंगलम के पास चेरुकुन्नू में शुक्रवार रात घर के नजदीक अजगर दिखाई दिया था। आरोप है कि जिंसन जोस (36), जिष्णु (30) और विवेक (30) ने दोस्तों के साथ मिलकर अजगर को पकड़ा, उसके टुकड़े किए और मांस पकाकर खा लिया। सूचना मिलने पर मन्नामंगलम वन स्टेशन की टीम ने शनिवार को कार्रवाई करते हुए तीनों को गिरफ्तार किया। आरोपियों को अदालत में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि इससे पहले कन्नूर जिले में भी अजगर का शिकार कर मांस पकाने के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया था। वन विभाग ने वन्यजीव संरक्षण कानून के तहत कार्रवाई की है।

# सीएम डीके के 'दो शादी' वाले बयान पर मचा सियासी बवाल

### बोले-बेंगलुरु आने वाले वापस नहीं जाते, यहीं बना लेते हैं दूसरा परिवार

### भाजपा ने पूछा- जिन विधायकों की बात की उनके नाम क्यों नहीं बताते



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के विधानसभा में दिए एक बयान पर राजनीतिक विवाद शुरू हो गया है। उन्होंने बेंगलुरु में बढ़ते शहरीकरण और आबादी का जिक्र करते हुए कहा कि दूसरे जिलों से शहर आने वाले लोग वापस नहीं जाते। इसी दौरान उन्होंने दावा किया कि करीब 12 विधायकों ने दो शादियां की हैं और उनके पास ऐसे विधायकों की सूची भी है।

शिवकुमार ने कहा कि धारवाड़ और दक्षिण कन्नड़ समेत कई जिलों से आए विधायक बेंगलुरु में ही बस गए हैं। उन्होंने बेंगलुरु की बढ़ती आबादी का संबंध शहर में बाहर से आने वाले लोगों के स्थायी रूप से बसने से जोड़ा। उनका बयान विधानसभा में सूखे और शहरीकरण पर चर्चा के दौरान आया था। मुख्यमंत्री के बयान पर भाजपा ने सवाल उठाते हुए उनसे संबंधित विधायकों के नाम सार्वजनिक करने को कहा। विधानसभा में विपक्ष के नेता आर. अशोक ने इसे अनावश्यक टिप्पणी बताया और कहा कि इससे बेंगलुरु से बाहर से आए विधायकों को लेकर संदेह पैदा हुआ है। भाजपा विधायक एस. सुरेश कुमार ने भी कहा कि मजाक में कही गई बात हो, फिर भी विधानसभा में ऐसी टिप्पणी उचित नहीं है। उन्होंने भी नाम बताने की मांग की।

शिवकुमार ने बेंगलुरु के विकास का उल्लेख करते हुए कहा कि शहर की आबादी बढ़ने के पीछे लगातार हो रहा शहरीकरण और लोगों का यहां बसना प्रमुख कारण है। उनके दो विवाह वाले बयान ने इसी चर्चा को राजनीतिक विवाद में बदल दिया।

# खुद को पुलिसकर्मी बताकर पहुंचे थे आरोपी चाकू-पिस्टल दिखाकर नाबालिग से गैंगरेप

### सुनसान पार्क में वारदात तीनों आरोपी गिरफ्तार

### पीड़िता ने याद रखे आरोपियों के नाम, निकनेम और हुलिया

### छात्राओं ने सुरक्षा को लेकर निकाला मार्च



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** कालकाजी मंदिर के पास आस्था कुंज पार्क में 17 वर्षीय नाबालिग से गैंगरेप के मामले में एफआईआर से वारदात की भयावह तस्वीर सामने आई है। आरोप है कि तीनों युवक खुद को पुलिसकर्मी बताकर नाबालिग और उसके दोस्त के पास पहुंचे। दोस्त को अलग करने के बाद आरोपियों ने चाकू और पिस्टल दिखाकर नाबालिग को पार्क के सुनसान हिस्से में ले जाकर वारदात की।


घटना 21 सितंबर की शाम की है। एफआईआर के मुताबिक नाबालिग अपने 17 वर्षीय दोस्त के साथ कालकाजी मंदिर गई थी। दर्शन के बाद दोनों आस्था कुंज पार्क पहुंचे। पार्क में बैठे होने के दौरान तीन युवक वहां पहुंचे और पुलिसकर्मी होने का दावा किया। उन्होंने दोनों के मोबाइल फोन ले लिए और दोस्त को अलग कर दिया।

इसके बाद दो आरोपी नाबालिग को झाड़ियों की ओर ले गए। आरोप है कि वहां चाकू दिखाकर उसे धमकाया गया। तीसरे आरोपी को बुलाकर पिस्टल भी दिखाने का आरोप है। वारदात के बाद आरोपियों ने दोनों के मोबाइल और कपड़े वापस कर दिए तथा किसी को बताने पर धमकी दी। पीड़िता ने आरोपियों के नाम, निकनेम और हुलिया याद रखा। इसी जानकारी से पुलिस को उनकी पहचान में मदद मिली। पुलिस ने आसिफ, हेमंत और मुकेश को गिरफ्तार किया है। तीनों के खिलाफ दुष्कर्म, आपराधिक साजिश, धमकी और पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज है। घटना के विरोध में दिल्ली विश्वविद्यालय की छात्राओं ने गर्गी और कमला नेहरू कॉलेज के बाहर मार्च निकाला। छात्राओं ने महिलाओं की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान पुलिस बल तैनात रहा। घटना के बाद दिल्ली पुलिस ने पार्कों की सुरक्षा व्यवस्था की भी समीक्षा की।

# कुणाल घोष की कार पर अंडे फेंके, गो-बैक के लगे नारे

### श्रीरामपुर रैली में जा रहे थे टीएमसी विधायक, उत्तरपाड़ा में हुई घटना

### घोष ने वीडियो जारी कर कार को निशाना बनाने का लगाया आरोप



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के हुगली जिले में टीएमसी विधायक कुणाल घोष की कार पर अंडे फेंके जाने का मामला सामने आया है। घोष के मुताबिक, वह शनिवार को श्रीरामपुर में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की रैली में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान उत्तरपाड़ा इलाके में कुछ लोगों ने उनकी कार को निशाना बनाते हुए अंडे फेंके। घटना के बाद कुणाल घोष ने एक वीडियो जारी कर पूरे मामले की जानकारी दी। उनके कार्यालय की ओर से यह वीडियो एक्स पर साझा किया गया है। घोष ने दावा किया कि उत्तरपाड़ा में उनकी गाड़ी पर अंडे फेंके गए और भीड़ ने 'गो-बैक' के नारे भी लगाए। घटना के कारणों और इसमें शामिल लोगों की पहचान को लेकर फिलहाल पुलिस की ओर से विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है। घटना ऐसे समय हुई है, जब मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की श्रीरामपुर में रैली आयोजित की गई थी।

# मिडटर्म चुनाव से पहले ट्रंप की अप्रूवल रेटिंग गिरी

### 36 सालों में किसी राष्ट्रपति के साथ ऐसा नहीं हुआ



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** अमेरिका के मध्यावधि चुनाव से पहले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अप्रूवल रेटिंग में गिरावट सामने आई है। वॉल स्ट्रीट जर्नल के ताजा सर्वे में ट्रंप के कामकाज को 37 प्रतिशत लोगों ने मंजूरी दी। अखबार के मुताबिक 1990 से किए जा रहे उसके मिडटर्म सर्वे में किसी राष्ट्रपति के लिए यह सबसे कम स्तर है।

रिपोर्ट के अनुसार ट्रंप प्रशासन के सामने ईरान के साथ जारी संघर्ष, तेल की बढ़ती कीमतें और महंगाई जैसे मुद्दे प्रमुख चुनौतियां बने हुए हैं। दूसरी ओर ट्रंप रिपब्लिकन पार्टी की जीत का दावा कर रहे हैं और चुनाव से पहले कई राज्यों में प्रचार की तैयारी कर रहे हैं।मध्यावधि चुनाव नवंबर में होने हैं। अलग-अलग सर्वेक्षणों में ट्रंप की लोकप्रियता के आंकड़े अलग हैं, उदाहरण के लिए सितंबर के एक रॉयटर्स/इप्सोस सर्वे में उनकी अप्रूवल रेटिंग 32 प्रतिशत दर्ज हुई थी।

# उड़ान के दौरान तकनीकी खराबी, कांगो में 14 मौतें

### दो वरिष्ठ सैन्य जनरलों समेत सभी यात्रियों की गई जान

### किक्विट से किंशासा लौट रहा विमान केंगो में दुर्घटनाग्रस्त



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** कांगो में विमान हादसे में दो वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों समेत 14 लोगों की मौत हो गई। सेना के अनुसार, विमान किक्विट से राजधानी किंशासा लौट रहा था। उड़ान के दौरान तकनीकी खराबी आने के बाद विमान दक्षिण-पश्चिमी कांगो के केंगे इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में विमान सवार कोई भी व्यक्ति नहीं बच सका।

मृतकों में लेफ्टिनेंट जनरल मुतोम्बो कातालायी तिएंदे और लेफ्टिनेंट जनरल बाकुमी लिकुलिया शामिल हैं। तिएंदे सैन्य अदालत के प्रमुख, जबकि लिकुलिया सशस्त्र बलों के ऑडिटर जनरल थे। सेना के प्रवक्ता मेजर जनरल एफोमी एकेंगे ने बताया कि मृतकों में प्रतिनिधिमंडल के सदस्य और चालक दल भी शामिल हैं। दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है। नागरिक उड्डयन अधिकारियों ने भी हादसे की वजह फिलहाल स्पष्ट नहीं होने की बात कही है।

# शयन आरती में भावुक हुए भक्त, छलक उठे नयन



छप्पन भोग में शयन आरती करते समिति के संस्थापक मुरारी अग्रवाल।



छप्पन भोग में शामिल यूनिक समय के संपादक पवन गौतम, साथ हैं यूनिकॉम डिजिटल के निदेशक मनन गौतम आदि।

**यूनिक समय, गोवर्धन।** गिरिराज की गिरि तलहटी में आयोजित अलौकिक छप्पन भोग महोत्सव भक्ति और आस्था के बीच संपन्न हुआ। रत्नजड़ित शेषनाग पर विराजमान गिरिराज प्रभु के दर्शन के लिए देर रात तक श्रद्धालुओं का रेला उमड़ता रहा। करीब एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने छप्पन भोग के दर्शन किए। तेज बारिश के बीच भी भक्तों का उत्साह कम नहीं हुआ। रात्रि करीब एक बजे शयन आरती में 'नैनन में नींद भर आई मेरे प्रभु के...' पद गाकर गिरिराज प्रभु को शयन कराया गया।

आरती के दौरान श्रद्धालु भावुक हो उठे और कई भक्तों की आंखों से आंसू छलक पड़े। गिरिराज सेवा समिति के संस्थापक मुरारी अग्रवाल भी शयन आरती करते समय भावुक हो गए। शयन आरती से पहले प्रभु को केसर मिश्रित दूध का भोग लगाया गया। शास्त्रीय संगीत और भक्ति पदों के बीच महोत्सव का समापन हुआ। भीड़ अधिक होने के कारण आरती के बाद दर्शन बंद कराने में पुलिस-प्रशासन को काफी मशक्कत करनी पड़ी। समिति के संरक्षक राजेंद्र कुमार सर्राफ रुन्ना ने बताया कि छप्पन भोग का प्रसाद करीब दो लाख लोगों तक पहुंचाया जाएगा। दुनिया के करीब 20 देशों में रहने वाले वैष्णव भक्तों तक भी प्रसाद भेजा जाएगा। इस अवसर पर महामंत्री अशोक कुमार आढ़ती, कोषाध्यक्ष भगवान दास खंडेलवाल, मुख्य संयोजक राघवेंद्र गर्ग, संयोजक अनमोल बंसल, कपिल अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, अमित मार्बिल, राकेश गर्ग आढ़ती, बांके सोनी, अरविंद विसावर, हरीश गिलट, मनीष सर्राफ, महावीर निबाड़, दीपक बाटी, सुनील द्वारकेश, तुषार हाथी वाले, अंकित बंसल और सांस्कृतिक कार्यक्रम संयोजक कन्नू सर्राफ सहित अन्य मौजूद रहे।

## भारत विकास परिषद ने धूमधाम से मनाया राधा जन्मोत्सव

### राधा-कृष्ण और बिहारी जी की झांकी रही आकर्षण




राधा- कृष्ण के स्वरूपों के साथ भारत विकास परिषद के पदाधिकारी।

**यूनिक समय, मथुरा।** भारत विकास परिषद की मुख्य शाखा मथुरा की ओर से वृंदावन में राधा जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में भारतीय संस्कृति और परंपराओं के अनुरूप राधारानी के जन्मोत्सव की खुशियां मनाई गईं। बाल स्वरूप में राधा का रूप धारण कर बालिका ने सभी का मन मोह लिया। माता कीर्ति और वृषभानु के स्वरूप में भावना और मृदुल अग्रवाल ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। राधा-कृष्ण के स्वरूप और बिहारी जी की आकर्षक झांकी कार्यक्रम का मुख्य केंद्र रही। श्रद्धालुओं ने झांकी के दर्शन कर राधारानी के जयकारे लगाए। कार्यक्रम के दौरान भारतीय संस्कृति और ब्रज की धार्मिक परंपराओं की झलक देखने को मिली। संस्थापक सचिन अग्रवाल घी वालों ने बताया कि भारत विकास परिषद सामाजिक सेवा के साथ भारतीय संस्कृति और पर्वों को भी उत्साह के साथ मनाता है। इसी क्रम में ब्रज के प्रमुख उत्सव राधा जन्मोत्सव को पारंपरिक तरीके से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सचिन-अलका अग्रवाल, डॉ. सुधीर गर्ग, वेदप्रकाश-वंदना अग्रवाल, आलोक-नेहा जैन, राजेश-लीना अग्रवाल, मनोज-भारती अग्रवाल, श्रीकांत-लक्ष्मी अग्रवाल, सीए अभिषेक अग्रवाल, बंटी-निशा प्रजापति, प्रखर-भूमि अग्रवाल, सुनीत गुप्ता, नवीन-नेहा अग्रवाल, भूपेंद्र-प्रिया अग्रवाल, राहुल-सपना अग्रवाल, गिरीश गर्ग, आशुतोष बंसल, अन्नू वार्ष्णेय, राजीव अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, गोविंद अग्रवाल और सुधीर नरूला सहित बड़ी संख्या में सदस्य मौजूद रहे।

## राधा जन्मोत्सव में बृज सखी मंडल ने मचाया धमाल

### मयूर नृत्य और फूलों की होली ने बांधा समां

### राधा-कृष्ण के भजनों पर सखियों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां



कार्यक्रम में मौजूद नवोदित संस्था बृज सखी मंडल की पदाधिकारी।

**यूनिक समय, मथुरा।** नवोदित संस्था बृज सखी मंडल की ओर से सौंख रोड स्थित रिसोर्ट में प्रथम कार्यक्रम के रूप में राधा जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि उद्यमी रविंद्र-विजया शर्मा ने राधा-कृष्ण की छवि के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संस्थापिकाओं पूनम सिंघल, बीना शर्मा और अनु कपूर ने मुख्य अतिथि का शॉल और बुके देकर स्वागत किया।

कलाकार सुनील बस्सी ने गणेश वंदना प्रस्तुत की। इसके बाद राधा-कृष्ण स्वरूपों ने मयूर नृत्य और फूलों की होली की प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। उमा शर्मा ने 'छाप तिलक सब छीनी रे' गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। पिंकी गुप्ता, पूनम सिंघल, योगिता अग्रवाल और ख्याति गौतम ने विभिन्न राधा-कृष्ण भजनों पर आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। रीता चौधरी, रत्ना अग्रवाल, बबली शर्मा, ममता सैनी और प्रीति अग्रवाल ने भी नृत्य से समां बांधा। कार्यक्रम में डॉ. तनुजा अग्रवाल का जन्मदिन केक काटकर मनाया गया। सुमन सिंह, काजल धमीजा, दुर्गा कपूर, सुनीता, वंदना, लता, अनुपमा और विजया शर्मा ने प्रतिभागियों को उपहार दिए। पंक्चुअलटी विजेता अंजू बंसल और सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी के विजेताओं को भी सम्मानित किया गया।

## बांके बिहारी मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**यूनिक समय, वृंदावन।** शनिवार को ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही मंदिर के आसपास श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं। देश के अलग-अलग हिस्सों से आए भक्तों ने ठाकुर जी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और सुख-समृद्धि की कामना की।

## तीरथ सिंह रावत ने श्रीकृष्ण संकल्प रजत शिला पूजी



रजत शिला पूजन के दौरान उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत, दिनेश फलाहारी आदि।

### मथुरा में आयोजित कार्यक्रम में लिया मंदिर निर्माण का संकल्प

### संतों ने कहा न्यायालय के माध्यम से समाधान की उम्मीद

**यूनिक समय, मथुरा।** उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री-भाजपा नेता तीरथ सिंह रावत ने शनिवार को श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति के लिए तैयार की गई संकल्प रजत शिला का पूजन किया। मोती कुंज स्थित उद्योगपति रूप सिंह नागर के निवास पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि ईश्वर की इच्छा और श्रद्धालुओं के प्रयास से एक दिन सभी बाधाएं दूर होंगी। उन्होंने कहा कि फलाहारी बाबा की मेहनत रंग लाएगी। तीरथ सिंह रावत ने रजत शिला का विधि-विधान से पूजन किया। कार्यक्रम में श्रीकृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक रूप सिंह नागर और हिंदू पक्षकार दिनेश फलाहारी ने भी विचार रखे। उन्होंने कहा कि उन्हें न्यायालय के माध्यम से श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर निर्माण के पक्ष में समाधान की उम्मीद है।

शिक्षक नेता प्रो. शिवराज भारद्वाज ने कहा कि दिनेश फलाहारी न्यायालय में हिंदू पक्ष की ओर से अपना पक्ष रख रहे हैं। कार्यक्रम प्रभारी पं. राजेश पाठक, महामंडलेश्वर राधानंद गिरी और स्वयंसेवक कृष्ण सुदर्शन ने बताया कि रजत शिला का अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास ने प्रथम पूजन किया था। इसके बाद इसे ब्रज में संतों और श्रद्धालुओं के पूजन के लिए भेजा गया है। कार्यक्रम में भागवत प्रवक्ता प्रिया किशोरी भारद्वाज, जयराम शर्मा, बाबा रामदेव चतुर्वेदी, कपिल आनंद चतुर्वेदी, महेश शर्मा और कान्हा कौशिक सहित अन्य मौजूद रहे।

## राधाष्टमी पर राधा-कृष्ण की लीलाओं ने मोहा मन



### अग्रवाल महासभा ने नाट्य मंचन से सुनाई राधा जन्म कथा

**यूनिक समय, मथुरा।** अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा रजिस्टर्ड की ओर से राधाष्टमी उत्सव धूमधाम से मनाया गया। जिलाध्यक्ष नीलम अग्रवाल की अध्यक्षता और महामंत्री रचना अग्रवाल के नेतृत्व में श्री राधा रानी के जन्म से श्रीकृष्ण संग गुप्त विवाह तक की कथा का नाट्य मंचन किया गया। संचालन रेखा अग्रवाल और पिंकी अग्रवाल ने किया। रचना अग्रवाल ने यशोदा मैया, नीलम अग्रवाल ने कीर्ति मैया और ज्योति अग्रवाल ने वृषभानु बाबा की भूमिका निभाई। जन्मलीला के बाद बधाई बांटी गई। प्रीति और वीनू ने राधा-कृष्ण स्वरूप में मन मोहा। अष्ट सखियों के नृत्य और ग्वालों की टोली ने समां बांधा। पारुल ने छोटी किशोरी संग तथा रिमझिम ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया।

मुख्य अतिथि पुष्पा अग्रवाल और राधा चरण अग्रवाल रहे। कार्यक्रम में मंतोष अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, विशन अग्रवाल, अजय सहित महिला प्रकोष्ठ की पदाधिकारी मौजूद रहीं। समापन बधाई वितरण और भोज के साथ हुआ।